

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -81 जबलपुर, गुरूवार 24 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## पहलगाम हमले के बाद मोदी सरकार का पाकिस्तान के खिलाफ 5 बड़े फैसले

# सिंधु जल समझौता रोका; पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द, कहा- 48 घंटे में देश छोड़ें



### अटारी चेक पोस्ट की जाएगी बंद




नईदिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़े और कड़े कदम उठाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट (ष्टष्टस्) की मीटिंग हुई। ढाई घंटे चली इस बैठक में 5 बड़े फैसले लिए गए हैं।

पहलगाम में हुए हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई। कई अन्य घायल हो गए। विदेश सचिव ने कहा कि सीसीएस ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा व्यक्त की है। पहलगाम आतंकवादी हमले के एक दिन बाद विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और कहा कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आज शाम सीसीएस की बैठक हुई और इसमें 22 अप्रैल 2025 को होने वाले आतंकवादी हमले के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पहलगाम में हुए हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई। कई अन्य घायल हो गए। विदेश सचिव ने कहा कि सीसीएस ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर की कई सरकारों से समर्थन और एकजुटता की मजबूत अभिव्यक्ति मिली है, जिन्होंने इस आतंकी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की है। उन्होंने यह भी कहा कि सीसीएस ने ऐसी भावनाओं के लिए अपनी सराहना दर्ज की है, जो आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता को दर्शाती है। सीसीएस को दी गई ब्रीफिंग में आतंकवादी हमले के सीमा पार संबंधों को उजागर किया गया। उन्होंने कहा कि यह ध्यान दिया गया कि यह हमला केंद्र शासित प्रदेश में चुनावों के सफल आयोजन और आर्थिक वृद्धि और विकास की दिशा में इसकी निरंतर प्रगति के मद्देनजर हुआ है।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट मीटिंग (ष्टष्टस्) में 5 बड़े फैसले लिए गए। बैठक ढाई घंटे चली। इसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजी?त डोभाल समेत कई अफसर मौजूद रहे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया, %पहलगाम आतंकी हमले की गंभीरता को देखते हुए कैबिनेट सुरक्षा समिति (ष्टष्टस्) ने 5 बड़े फैसले लिए हैं- सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उधर, पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमले के दूसरे दिन बुधवार को श्रीनगर से दिल्ली तक बैठकों का दौर चला।

पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। इनमें एक नेपाली नागरिक है। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला 22 अप्रैल को उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में क्क गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और,श्व के एक-एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए।

इधर, सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं।

इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है। शुरुआती जांच में पता चला है कि हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे।

### जम्मू-कश्मीर में सेना की 10 घंटे में दूसरी मुठभेड़

## कुलगाम में आतंकी छिपे हैं, फायरिंग जारी; सुबह बारामूला में दो घुसपैठिए मार गिराए थे



कुलगाम-(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। बुधवार शाम को तंगमर्ग इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा। आतंकी यहां एक घर में छिपे हैं। दोनों ओर से फायरिंग हो रही है। अतिरिक्त सुरक्षाबल मौके पर भेजा गया है। आज सुबह ही बारामूला के उरी सेक्टर में स्नश्व्र के पास आतंकी घुसपैठ की कोशिश की गई थी। सेना ने 2 आतंकवादियों को मार गिराया। यहां भी सर्चिंग जारी है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने 2-3 आतंकियों को घुसपैठ की कोशिश करते देखा था। आतंकियों के पास से बरामद सामान में 2 असॉल्ट राइफल, गोला-बारूद, युद्ध से जुड़ा सामान, कारतूस, पाकिस्तानी करेंसी, चॉकलेट और सिगरेट के पैकेट मिले हैं। इससे एक दिन पहले पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। यहां भी बड़े स्तर पर आतंकियों की सर्चिंग जारी है।

## भारत को डराया नहीं जा सकता, हम जोरदार जवाब देंगे-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



नई दिल्ली-(आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, भारतीय वायु सेना एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी के साथ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। वहीं, एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसको लेकर बड़ा बयान भी दिया। उन्होंने सबसे पहले इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत को डराया नहीं जा सकता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुई कायराना हरकत में कई मासूम लोगों की जान चली गई। हम बहुत दुखी हैं।

# पहलगाम अटैक के 4 संदिग्ध आतंकियों के तस्वीर जारी, इंटेलिजेंस एजेंसियां बोलीं- पाकिस्तान में बैठा लश्कर का आतंकी मास्टरमाइंड



पहलगाम हमले में शामिल थे आसिफ फौजी, सुलेमान शाह, अबू तल्हा, आदिल गुरी और आसिफ शेख

नई दिल्ली।(आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के अगले दिन एक्शन जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार आगे की रणनीति बनाने में जुटी है। वहीं आतंकियों के बारे में भी जानकारी मिलने लगी है। कुल मिलाकर पहलगाम आतंकी हमले के तार पाकिस्तान से जुड़ गए हैं।

इस बीच, पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों की तलाश जारी है। सेना ने एक दोपहर से इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रखा है। अब तक की जानकारी के मुताबिक, आतंकियों में 2-3 स्थानीय सहयोगी शामिल थे। इन लोगों ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। ये स्थानीय लोग पाकिस्तान से आए 6-7 आतंकियों को वहां लेकर आए, जहां भारत के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक आते हैं। आतंकी हमले में शामिल आतंकियों की जानकारी सामने आने लगी है। कुछ के नाम भी पता चल गए हैं। हमले का शिकार लोगों के बताए अनुसार स्केच भी जारी किए गए हैं।

अभी आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा के स्केच जारी हुए हैं। पता चला है कि हमले वाली जगह 7 आतंकी मौजूद थे। 4 ने हमला किया। अन्य आतंकियों में आदिल गुरी और आसिफ शेख के नाम सामने आए हैं।

पहलगाम हमलों के पीड़ितों ने बताया कि किस तरह आतंकी सुरक्षाबलों की वर्दी में आए थे और धर्म के नाम पर हत्या की गई। कानपुर निवासी शुभम अपनी पत्नी एशान्या के साथ बैसारन घाटी में थे। एशान्या ने बताया कि अचानक पहाड़ी में छिपे करीब 12 से 15 आतंकवादी सामने आ जाते हैं। शुभम से सवाल करते हैं, मुसलमान हो या हिंदू?

### श्रीनगर में अमित शाह को देख बिलख पड़े पीड़ित

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सरकार एक्शन में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का अपना दौरा बीच में छोड़कर बुधवार सुबह भारत लौट आए। आज दिन में सुरक्षा पर केंद्रीय कमेटी (ष्टष्टस्) की बैठक होगी। इसी बैठक में तय होगा कि आगे क्या एक्शन लिया जा सकता है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर में हैं। शाह ने पहले श्रीनगर में मृतकों को श्रद्धांजलि दी, पीड़ित परिजन से मिले और फिर पहलगाम जाकर उस स्थान का मुआयना किया, जहां आतंकी हमला हुआ था। वहीं कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमित शाह से बात की और पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की मांग की।

## आतंक के आगे नहीं झुकेगा भारत, मृतकों को श्रद्धांजलि देने के बाद बोले अमित शाह



नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों के शवों पर पुष्पांजलि अर्पित की और बचे लोगों को आश्वासन दिया कि इस नृशंस कृत्य के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही दुश्मनों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। गृह मंत्री ने बाद में मारे गए लोगों के परिवारों और हमले में जीवित बचे अन्य लोगों से बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि सुरक्षा बल इस घातक हमले के दोषियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बुधवार रात को हमले के कुछ ही घंटों के भीतर शाह यहां पहुंचे और उन्हें पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने स्थिति के बारे में जानकारी दी।

### जाओ, मोदी को बता देना..., पहलगाम में पति को मारने के बाद पत्नी से बोला आतंकी

कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले में अपने पति मंजूनाथ को खोने वाली पर्यटक पल्लवी ने मंगलवार को अपना कष्टदायक अनुभव साझा किया। पहलगाम आतंकी हमले में बची एक महिला ने नरसंहार के भयावह क्षणों को याद करते हुए कहा कि हमलावर ने उसके पति को मार डाला, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संदेश भेजने के लिए उसे जीवित छोड़ दिया। महिला ने हमलावर के हवाले से कहा, जाओ और मोदी को यह बताओ।

### पहलगाम अटैक में हमले में मारे गए लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान

जम्मू. (आरएनएस) ।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने कायराना हरकत की है. आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और 26 लोगों की जान ले ली. जम्मू-कश्मीर सरकार ने हमले में मारे गए लोगों के परिवार के लिए मुआवजे का एलान किया है. हमले पर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जो पहलगाम में हमला हुआ वह केवल मासूम पर्यटकों पर हमला भर नहीं था बल्कि जम्मू कश्मीर के लोगों पर हमला था. हम इसकी निंदा करते हैं. यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. केंद्रीय गृह मंत्री यहां आए हुए हैं, मेरी उनसे अपील है

### आतंकियों को दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब- मुख्यमंत्री मोहन यादव



भोपाल -आरएनएस-मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा कि इस कायरतापूर्ण कृत्य के लिए आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। उन्होंने कहा, ''हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की आतंकियों की कोई भी साजिश कभी कामयाब नहीं होगी, इस कृत्य का आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब जरूर मिलेगा।''

### कांग्रेस ने की सर्वदलीय बैठक की मांग, खड़गे बोले- ये समय राजनीति करने का नहीं



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और केंद्र से आतंकवाद से लड़ने के सामूहिक संकल्प को आकार देने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार से हम अपेक्षा करते हैं कि जब जरूरी कार्रवाई हो जाए और पूरी मालूमात हासिल हो गई हो तो, वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में चर्चा करेगी। उन्हें सर्वदलीय बैठक बुलाकर कुछ सलाह लेनी चाहिए। यह राजनीति नहीं है और हम इस स्थिति में राजनीति नहीं चाहते। खड़गे ने एक्स पर लिखा कि कल दोपहर करीब 2:30 बजे, जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या से हमें गहरा दु:ख और सदमा पहुँचा है। कॉंग्रेस पार्टी कड़े से कड़े शब्दों में इस कायरतापूर्ण कृत्य की निंदा करती है। यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर कायराना हमला है। साल 2000 के छत्तीसिंह पुरा आतंकी हमले के बाद अब 25 साल बाद यह सबसे बड़ा हमला है। जो निर्दोष और निहत्थे नागरिकों को मारते हैं, वो इंसान नहीं हो सकते।

## 'नफरत की राजनीति वाले धर्म का इस्तेमाल करते हैं'




नई दिल्ली (आरएनएस)। धर्म पर बयानबाजी जारी है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाय. कुरैशी ने सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि मैं भारत के उस विचार में भरोसा रखता हूं, जहां किसी इंसान को उसकी काबिलियत और काम से पहचाना जाता है, न कि धर्म से। नफरत की राजनीति करने वाले ही हमारे देश में धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। कुरैशी ने कहा कि मैंने पूरी शिद्दत से आयोग में काम किया। मेरा आइएएस करियर काफी संतोषजनक रहा है, लेकिन कुछ लोगों ने नफरत भरी राजनीति के लिए धर्म को आधार बनाना शुरू कर दिया। मैं जुलाई, 2010 से जून, 2012 तक चुनाव आयुक्त रहा। किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ। भारत हमेशा संविधान और उसके सिद्धांतों पर ही चलता है। आगे भी ऐसा ही रहेगा।

### राज्यसभा सदस्य के सोशल मीडिया हैंडलर ने लिखा पोस्ट- मेरी मौत का जिम्मेदार मैं खुद ही हूं...'



बड़वानी। राज्यसभा सदस्य डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी के कार्यालय का मीडिया हैंडलर कर्मचारी व फोटोग्राफर महेंद्र भाटी फेसबुक पर पोस्ट लिखकर लापता हो गया। खंडवा-बड़ौदा राजमार्ग पर स्थित नर्मदा नदी के बड़े पुल से उसकी बाइक व चप्पल मिले हैं। उसके नर्मदा नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है।

## सरकारी जुमला 'हिंदू-राष्ट्र'



सतना (आरएनएस)। द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हिंदू-राष्ट्र तो सरकारी जुमला है। भारत की संस्कृति से लोग दूर हो गए हैं। गाय को बचाने की बात की जाती है, लेकिन कोई नहीं बचा रहा है। हम गौसंसद पूरे देश में बना रहे हैं। सरकारें और राजनीतिक दलों के नेता ही गायों का कत्ल करवा रहे हैं। गौरक्षा के लिए सरकार से हमने जवाब मांगा, लेकि नहीं मिला। गौ-मेयर, गौविधायक, जनप्रतिनिधि होंगे, जो गौमाता को कत्ल से बचाएंगे। स्वामी ने कहा कि गंगा का रास्ता रोका जा रहा है। बांध बनाए जा रहे हैं, यह गलत है। हमारे पुरखों ने कभी गंगा का रास्ता नहीं रोका। भारतीय संस्कृति में समलैंगिकता अपराध था, लेकिन अब नहीं है। पत्नी भी दूसरे पुरुष के साथ जाती है, तो अपराध नहीं माना जाता है। हिंदू आज भी बहुमत में हैं, लेकिन भारत हिंदू-राष्ट्र नहीं किया




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना भेड़ाघाट में रात्रि राजकुमार जैन उम्र 40 वर्ष निवासी नेपियर टाउन मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका ट्रक डीलरशिप का आफिस अनिल मोटर्स के नाम से अनिल पेट्रोल पम्प के बाजू से तेवर में स्थित हैसुबह लगभग 9 बजे आफिस के कर्मचारी चंदन तिवारी ने उसे बताया कि आपके केबिन का दरवाजा अंदर से लॉक है तो उसने जाकर देखा आफिस में रखा सामान अस्त व्यस्त था आफिस के पीछे के रास्ते से ग्रिल तोड़कर छत की पीओपी सीलिंग के रास्ते कोई अज्ञात चोर केबिन में आकर आफिस में रखी चांदी की 4 नग मूर्ति, 1 कलश, 1 लोटा कीमती लगभग 45 हजार रूपये के चोरी कर ले

# अधिवक्ताओं ने जलाया आतंकवाद का पुतला



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पहलगांव में निर्दोष शैलानियों को नाम धर्म पूछकर गोली मारकर निर्दोष 28 हिंदुओं की हत्या पाक समर्थित आतंकवादी संगठन द्वारा की गई जिससे संपूर्ण देश में आमजन मानस में रोष आक्रोश है। आज दोपहर 2 बजे आतंकवाद के विरूद्ध म. प्र. उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सड़को पर आ गए अम्बेडकर चोक पर आतंकवाद का पुतला दहन किया।एड. नवीन शुक्ल ने कहा कि ये कायराना हरकत हुई जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एड तरुण रोहितास ने कहा कि आतंकवादी हमला सुनियोजित तरीके से किया गया सरकार को अब सख्त कदम उठाते हुए आतंकवादियों को सह देने वाले पड़ोसी देश में घुसकर आतंकवाद का खात्मा करना होगा। इस अवसर पर राजेश तिवारी,एड आशीष त्रिवेदी , आशिम त्रिवेदी, ब्रजेश दुबे, आलोक गुप्ता, संजय सेठ ,विपुल पाठक ,अजय प्रजापति,प्रशांत तिवारी ,पंकज तिवारी,दीपक सिंह,संजय शर्मा,प्रमेंद्र सेन,विपुल वर्धन जैन सहित सेकड़ो अधिवक्ताओं ने आतंकवाद का पुतला दहन किया , तत्पश्चात् कलेक्टर महोदय को हाई कोर्ट अधिवक्ता संघ एवं जि़ला अधिवक्ता संघ के नेतृत्व में कलेक्टर दीपक सक्सेना को ज्ञापन सोपा गया ।जिसमें इस नरसंहार की घोर निंदा प्रस्ताव पारित किया और इस घटना में सुरक्षा की चूक हुई जिससे यह घटना घटित हुई अधिवक्ता संघ सरकार से कार्यवाही की मांग करते है। इस अवसर पर डीके जैन,मनीष मिश्रा,परितोष त्रिवेदी, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी,योगेश सोनी,ज्योति राय, मनोज शिवहरे, शैलेंद्र यादव, विनोद विश्वकर्मा, रवि दत्त,राजेंद्र प्रताप सिंह,प्रशांत नायक दुर्गेश मनाना आदि उपस्थित थे।

### वर्तिका का 37 वाँ राष्ट्रीय अलंकरण समारोह 27 अप्रैल को

जबलपुर। जबलपुर। राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था वर्तिका का 37 वाँ वार्षिक समारोह 27 अप्रैल को अपरान्ह 5 बजे से कला वीथिका में आयोजित किया जा रहा है। वर्तिका के संयोजक विजय नेमा 'अनुज' एवं अध्यक्ष राजेश पाठक 'प्रवीण' ने बताया कि समारोह में विविध क्षेत्रों के मनीषियों की स्मृति में सम्मान, कृतियों का विमोचन, काव्य पटल का लोकार्पण एवं कवि सम्मेलन होगा। साध्वी श्रीमाँ विभानंद गिरी प्रज्ञा पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक के सानिध्य में समारोह के मुख्य अतिथि श्री उमाशंकर शर्मा अधिवक्ता होंगे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश धीरावाणी होंगे। समारोह में श्री रामवल्लभ गुप्ता की काव्य कृतियाँ 'कौस्तुभ% एवं %कस्तूरी% तथा श्रीमती संध्या अग्रवाल की कृति 'मेरा मन उपवन' का विमोचन एवं श्रीमती मीना भट्ट एवं श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव के काव्य पटल का लोकार्पण किया जायेगा। विजय बागरी, आचार्य विजय तिवारी ,आशुतोष तिवारी, संतोष नेमा, सिद्धेश्वरी सराफ, विनीता पैगवार, राजेश ठाकुर ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

## श्रमिक की मौत के मामले में शहर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर कार्रवाई और 50 लाख मुआवज़ा की मांग



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। को विद्युत विभाग, जबलपुर साउथ डिवीजन के अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी श्री पुष्पेंद्र चढ़ार की कार्यस्थल पर करंट लगने से हुई दुःखद मृत्यु के मामले में आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सौरभ 'नाटी' शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता, शहर संभाग को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इस घटना को विभागीय लापरवाही का परिणाम बताया गया और कहा गया कि यह सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी का मामला है। शहर कांग्रेस ने मृतक के परिवार को ?50 लाख की आर्थिक सहायता और एक आश्रित को शासकीय सेवा अथवा अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में निम्नलिखित मांगें प्रमुख रूप से उठाई गईं- 1. घटना की उच्चस्तरीय व स्वतंत्र जांच हो। 2. दोषियों पर भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हो। 3. मृतक परिवार को मुआवज़ा एवं नौकरी दी जाए। 4. आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सुरक्षा उपकरण व बीमा व्यवस्था अनिवार्य हो।5. आउटसोर्सिंग नीति की समग्र समीक्षा कर नई पारदर्शी नीति लागू की जाए।शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि यह केवल एक कर्मचारी की मौत नहीं, बल्कि श्रमिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है। कांग्रेस पार्टी श्रमिकों के साथ खड़ी है और मृतक परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। आज के इस ज्ञापन में अनुज श्रीवास्तव,संदीप चड़ार, पविंद्र चौहान, रितेश खेमतानी, विक्रम ठाकुर, लेखराम चड़ार, प्रदीप वाधवा, शुभम चड़ार,किशन पटेल,प्रमोद चड़ार,अंकित चड़ार,अजय चड़ार, आदि उपस्थित थे!

**एम.पी. ट्रांसको का डिजिटाइजेशन की दिशा में एक और प्रभावी कदम**

## डिजिटल एम.बी. के माध्यम से ही होगा वेंडर, कांट्रेक्टरों का भुगतान-ऊर्जा मंत्री तोमर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्यालयीन प्रक्रियाओं में नई तकनीकों के समावेश को आगे बढ़ाते हुए डिजिटाइजेशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यों के बिलों का भुगतान, जो पूर्व में भौतिक मापन पुस्तिका में मैन्युअल प्रविष्टि के बाद होता था, अब वह डिजिटल एम.बी. के माध्यम से ही होगा। एम.पी. ट्रांसको के विभिन्न विभागों में इसका उपयोग करना अनिवार्य कर दिया गया है। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि अब संपूर्ण मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के कार्यालयों में शत प्रतिशत पारदर्शिता के साथ वेंडर, ठेकेदारों आदि के बिल डिजिटल एम.बी. के माध्यम से भुगतान किये जा रहे हैं। इससे न केवल भुगतान की प्रक्रिया आसान हुई है बल्कि वेंडर, कॉन्ट्रेक्टर आदि भी अपने बिलों की करंट स्टेट्स से अवगत रहते हैं। साथ ही उन्हें निर्धारित समय पर भुगतान प्राप्त भी हो रहा है।

इन हाउस विकसित किया-

एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री अजय पांडे ने बताया कि इस डिजिटल एम.बी. को कंपनी की आई.टी. एवं ई.आर.पी. सेल ने कंपनी के वित्तीय विभाग से समन्वय बनाकर इनहाउस विकसित किया है। डिजिटल एम.बी. में वेंडर और कॉन्ट्रेक्टर की उनके द्वारा किए गए कार्यों के पार्ट पेमेंट का नियमानुसार भुगतान करने की भी सुविधा दी गई है। सॉफ्टवेयर से किए गए कार्य, उपयोग हुआ मटेरियल और शेष कार्य तथा मटेरियल की गणना कर भुगतान की राशि निकल आती है।

क्या है डिजिटल एम.बी.-

डिजिटल एम.बी. एक डिजिटल मापन पुस्तिका है। यह सरकारी कार्यालयों में बाहरी एजेंसी द्वारा किए गए कार्यों, सप्लाई किये गए मटेरियल के बदले भुगतान प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अभिलेख होता है। यह किए गए कार्य की वास्तविक माप या गिनती का मूल अभिलेख कहलाता है।

### प्रताडित करने वाले आरोपी पति के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

जबलपुर - थाना मझगवां में श्रीमती कृष्णा काछी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी वर्ष 2021 में हिन्दू रीति रिवाज से ग्राम टिकरिया के राजकुमार काछी के साथ हुयी थी जिससे उसका एक बेटा है शादी के लगभग एक वर्ष तक पति अच्छे से रखा था उसके बाद घरेलू बातों को लेकर परेशान कर मारपीट करने लगा। सामाजिक पंचायत में सरपंच मीना बाई भी आयी थी फिर समझौता हो गया था वह अपने पति के साथ अलग रहने लगी थी खेती का बटवारा नहीं हुआ था दिनांक 19-4-25 को शाम लगभग 4 बजे गेहू की फसल कटकर आयी तो वह बोली की गेहू को धुलने के लिये रख दो तो पति गाली गलौज किये थे

## 417 वा ज्ञापन सोपा मार्च 24 से सरस्वती घाट पुल का काम बंद

**जमीन अधिकरण ना होने के कारण लमेटा घाट का पुल का काम बंद**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लमेटाघाट सरस्वतीघाट पुल को लेकर मुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी मंत्री के नाम संभागीय कार्यालय में 416 वा ज्ञापन सोपा..

नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति भेड़ाघाट ने तय किया है की प्रति सप्ताह सरस्वती घाट एवं लामेटा घाट पुल के लिए कार्यरत विभिन्न विभागों में ज्ञापन दिया जाएगा आज यह 417 वा ज्ञापन है लामेटा घाट में जमीन अधिकरण ना होने के कारण काम बंद हो गया मार्च 2024 से सरस्वती घाट का काम बंद है आज संभागीय कार्यालय में दिव्या अवस्थी को 25000 हस्ताक्षरों का ज्ञापन सोपा नर्मदा महाआरती के संस्थापक परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट मार्ग में पढ़ने वाले लामेटा घाट सरस्वती घाट पुल को पायलट प्रोजेक्ट की तरह जल्दी बनाया जाए सरस्वती घाट पुल की समय सीमा जून 2024 थी अब मार्च 2025 हो गई लमेटाघाट की समय सीमा भी 2025 मार्च बताते हैं जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री पीडी कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह जी एवं क्षेत्र विधायक नीरज सिंह के नाम से दी गई सन 2024 की कार्तिक पूर्णिमा पर निकाली गई हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में भक्तों की विशाल भीड थी ज्ञात हो दोनों पुल 2017 में मुख्यमंत्री जी के द्वारा पास कराए गए थे जो अभी तक तैयार नहीं हुए समिति द्वारा 417 बार से अधिक ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं 7 कलेक्टर 6 एसपी 5 आईजी 5 कमिश्नर को अभी तक ज्ञापन देकर अपनी बात रखी है इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान पप्पू चौबे मनोज गुलाबबानी विशाल पड्या कैलाश विश्वकर्मा दुर्गा पटेल गुड्डू नेता ?

## सहरसा से मुंबई तक 24 अप्रैल को चलेगी तीसरी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की स्पेशल सेवा

**पश्चिम मध्य रेलवे के सतना, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर रहेगा ठहराव**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गुरुवार, 24 अप्रैल 2025 को सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी), मुंबई के बीच देश की तीसरी अमृत भारत ट्रेन की स्पेशल सेवा चलाई जा रही है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के सतना, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्रीय यात्रियों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

गौरतलब है कि सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए चलाई जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस देश की तीसरी अमृत भारत एक्सप्रेस है। पहले दो अमृत भारतीय एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच में किया जा रहा है। इस अमृत भारत एक्सप्रेस को 130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इस आधुनिक ट्रेन का निर्माण मेड इन इंडिया अभियान के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री, श्री पेरम्बूर, चेन्नई में किया गया है। ट्रेन में पुश एंड पुल टेक्नोलॉजी है जिससे गाड़ी को दोनों दिशाओं में चलाया जा सकता है। वंदे भारत की तरह की सुविधा इस नॉन एसी एक्सप्रेस में उपलब्ध कराई गई है। इसके सभी कोच स्लीपर और नॉन एसी अनरिजर्ड क्लास के होंगे।

अमृत भारत ट्रेन में निम्न लिखित सुविधाएं रहेगी-

यह नई अमृत भारत ट्रेन पहले के सेट्स से कहीं अधिक एडवांस है। इसमें यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई नये फीचर्स शामिल किए गए हैं-

* कोचों में फायर डिटेक्शन सिस्टम। * कोच के भीतर अत्याधुनिक लाइटिंग सिस्टम।

* सीसीटीवी कैमरे।

* फोल्डिंग टेबल।

* मॉबाइल होल्डर।

* फोल्डेबल बॉटल होल्ड।

* दिव्यांग अनुकूल शौचालय।* हवाई जहाज की तर्ज पर रेडियम एलिमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप और स्प्रिंग बॉडी जैसी सुविधाएं।

* कोच स्लीपर और अनरिजर्ड क्लास।

ट्रेन नंबर 05595 सहरसा-एलटीटी अमृत भारत एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी-

अमृत भारत एक्सप्रेस के शुभारम्भ में स्पेशल सेवा गाड़ी संख्या 05595 स्पेशल ट्रेन सहरसा से गुरुवार 24 अप्रैल 2025 को सुबह 11:40 बजे प्रस्थान कर खगड़िया जंक्शन, सलौना, हसनपुर रोड जंक्शन, समस्तीपुर, मु ज़फरपुर, हाजीपुर जंक्शन, सोनपुर जंक्शन, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर पहुँचकर अगले दिन शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 को प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना (आगमन समय 03:45 बजे), जबलपुर (आगमन समय 06:45 बजे), इटारसी (आगमन समय 10:50 बजे), भुसावल, जलगांव, नासिक रोड, कल्याण एवं ठाणे होकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस रात्रि 23:30 बजे पहुँचेगी।

**भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह एवं छिंदवाड़ा सांसद विवेक साहू बंटी करेंगे संबोधित**

## भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय संगोष्ठी आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन कल गुरुवार 24 अप्रैल को शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय रानीताल में किया गया है। संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह जी, छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक साहू बंटी के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, प्रदेश मंत्री सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अशोक रोहाणी, श्री अभिलाष पांडे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज के साथ वरिष्ठ जन उपस्थित होंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रदेश के सभी जिलों में संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है और हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि जबलपुर महानगर की संगोष्ठी को प्रदेश के प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह जी संबोधित करेंगे। श्री सोनकर ने बताया इस संगोष्ठी में महानगर के विभिन्न समाजों के प्रमुख जनों के साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ठ कार्य करने वाले सभी जनों को आमंत्रित किया गया है। जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने उपस्थिति की अपील की है।

## पहलगाम आतंकी हमला इस बार ऐसा सबक सिखाएं की फिर कभी आतंकी सर उठाने की जुर्रत न कर पाए -मुद्दीन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पहलगाम का आतंकी हमला इंसानियत को शर्मसार करने वाला है इन आतंकी वहशी दरिंदों ने इस्लाम के नाम पर इस तरह की शर्मसार घटना को अंजाम देकर देश केअमन पसंद सभी मुसलमानों का सर शर्मसार कर दियाद्य उकताशय की विज्ञप्ति जारी कर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एस के मुद्दीन, रिटायर्ड सीईओ कृषि उपज मंडी मकसूद खान, एडवोकेट तबरेज शेख एडवोकेट शाहिद खान ड्डस्त्र1श्चड्डह्लद्ग स्द्धड्डद्ध5ड्डस्त्र स्द्धड्डद्ध मंच के जिला संयोजक शौकत अली शाहरुख मुद्दीन आमिर राईन मौलाना अलीम खान इमरान खान कलीम मंसूरी जुनैद अंसारी फिरोज़ खान आदि कहा है कि इन वहशी आतंकियों के साथ-साथ इनके पालनहार पाकिस्तान की ऊपर केंद्र सरकार सीधी कार्रवाई करे और ऐसा सबक सिखाएं की दोबारा फिर कभी यह सर उठाने की जुर्रत न करें। इस आतंकी हमले में अपनी जान गंवा बैठे लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मंच ने (खिराजे अकीदत) सादर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और निदेशक ( विनिर्माण ) बी. पद्मनाभ**

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्थ डे पर पर्यावरणीय स्थिरता के लिये अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की





मुंबई- इस अर्थ डे (पृथ्वी दिवस) पर, जब पूरी दुनिया %हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम के तहत एकजुट हो रही है, हमें याद आता है कि हमारे पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) में, यह प्रतिबद्धता हमारे अहम मूल्यों में अंतर्निहित है - जो हमें न केवल वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले पावरट्रेन सहित विभिन्न विद्युतीकृत वाहन प्रौद्योगिकियों (×श्वङ्कह्य*) को नया रूप देने और पेश करने के लिए प्रेरित करती है बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से लचीली दुनिया की खोज में अक्षय ऊर्जा को अपनाने सहित ऐसी सामूहिक पहल का नेतृत्व भी करती है जो निरंतर जारी रहें।

2015 में घोषित वैश्विक टोयोटा की पर्यावरण चुनौती 2050 (चुनौती 1-6) के अनुरूप, हम टीकेएम में उत्पादों से आगे बढ़कर, विनिर्माण कार्यों और हमारी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में निरंतर जारी रहने वाले व्यवहारों को शामिल करके, कार्बन तटस्थता की ओर अपने पारगमन को तेज कर रहे हैं। उपरोक्त संदर्भ में, चुनौती 1-3 हमारे विभिन्न स्वच्छ प्रौद्योगिकी-संचालित उत्पादों और हरित विनिर्माण कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं, जिसका उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को यथासंभव शून्य के करीब लाना है। इसके अलावा, वाहन जीवनचक्र के प्रत्येक चरण (सामग्री/पुर्जों का उत्पादन, वाहन असेंबली, लॉजिस्टिक संचालन, ऊर्जा खपत/संरक्षण और विनिर्माण में अक्षय ऊर्जा को अपनाना, आदि) में सीओ2 उत्सर्जन को कम करने के अलावा, हम चुनौती 4-6 के तहत अपने प्रयासों को भी आगे बढ़ा रहे हैं। इसका उद्देश्य पानी के उपयोग को कम करना, रीसाइक्लिंग-आधारित समाज को बढ़ावा देना और प्रकृति के साथ सामंजस्य में भविष्य के समाज को बढ़ावा देना है। आज हमारे संचालन 100त्न अक्षय ग्रिड बिजली पर चलते हैं; हमारे 96त्न से अधिक कचरे को रीसाइकिल किया जाता है; और उत्पादन के लिए हमारी 89.3त्न पानी की ज़रूरतें वर्षा जल संचयन और रीसाइकिल किए गए पानी से पूरी होती हैं - जो शून्य कार्बन, शून्य तरल निर्वहन और लैंडफिल कंपनी के लिए शून्य अपशिष्ट बनने की दिशा में ठोस कदम हैं। टोयोटा के ग्रीनवेव प्रोजेक्ट के तहत, मियावाकी विधि से, हमने 328,000 से अधिक पेड़ लगाए हैं, पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल किया है और हमारे परिसर में 790 से अधिक देशी पौधों की प्रजातियों तथा 400 से अधिक जीव प्रजातियों के साथ जैव विविधता को समृद्ध किया है। पिछले साल ही, हमारे परिसर के बाहर 8,000 से अधिक पौधे लगाए गए ताकि हमारी हरित पहुंच को और भी आगे बढ़ाया जा सके।

## रिवाह बाए तनिष्क की शानदार वेडिंग ज्वेलरी, अक्षय तृतीया को सुनहरा और यादगार बनाएगी

**आधुनिक दुल्हन के लिए कस्टमाइ ड ब्राइडल ज्वेलरी आभूषणों के कलेक्शन्स के साथ विभिन्न परंपराओं का सम्मान**

मुंबई- अक्षय तृतीया के पवित्र पर्व के लिए तनिष्क का एक्सक्लूसिव वेडिंग सब-ब्रांड रिवाह अपने शानदार ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन्स के साथ आने वाली समर इंडियन वेडिंग्स के लिए तैयार है। भारत में शादी से जुडी विभिन्न परंपराओं की गहरी समझ के साथ, रिवाह बाए तनिष्क अलग-अलग समुदायों की दुल्हनों के लिए बनाई गयी ज्वेलरी की विशाल श्रेणी प्रस्तुत कर रहा है। हल्दी से लेकर मेहंदी तक, संगीत से लेकर शादी तक, हर फंक्शन के अनुरूप आभूषण रिवाह में हैं। यहां हर आभूषण को न केवल परंपराओं को निभाने बल्कि दुल्हन की अपनी सोच, पसंद और शान को प्रतिबिंबित करने के लिए बनाया जाता है। रिवाह में विरासत और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति का मिलाप है, जो दुल्हनों को उनके अपने ब्राइडल नरेटिव बनाने में मदद करता है। रिवाह बाए तनिष्क शादी के अनुभव के हर पहलू को और भी खूबसूरत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ब्रांड सुनिश्चित करता है कि हर पल में कालातीत शान गूंजती रहें।

भारत की विभिन्न संस्कृतियों को समझते हुए, रिवाह हर क्षेत्र के अनुरूप ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन प्रस्तुत करता है, जो विभिन्न समुदायों की दुल्हनों की पसंद, ज़रूरतों को पूरा करते हैं। इसीलिए रिवाह बाए तनिष्क हर वेडिंग फंक्शन के लिए सबसे सही है।



भोपाल -उप मुख्यमंत्रीराजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल (ई-एचआरएमएस) की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉड्यूल मध्यप्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति के सिद्धांतों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्थानांतरण नीति का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मॉड्यूल में सभी आवश्यक मापदंडों का समावेश इस तरह से किया जाए

### कैलेण्डर बनाकर संभागवार होंगे सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी

### टाइगर रिजर्व बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी दी गई। योजना अंतर्गत कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हों, साथ ही इनका बी.पी.एल. पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन के लिये संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से कैलेण्डर जारी कर सामुहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।



संभागवार जिलों मे आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की निर्धारित की गयी है। योजना में सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलनों में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पूर्व अनुसार निकाय स्तर पर की जायेगीं। पात्र/अपात्र एवं समग्र पोर्टल पर वर-वधू की आधार ई-केवायसी अनिवार्य होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिये शासन की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सार्थक बनाने का प्रयास करते हुये आयोजन में जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर समाज के संपन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना में प्रति कन्या राशि 55 हजार रूपये में से वधू को राशि रूपये 49 हजार का एकाउन्ट पेयी चेक और शेष 6 हजार रुपये सामूहिक विवाह समारोह आयोजन के लिए संबंधित निकाय को प्रदाय किया जायेगा। सहायता राशि रुपये 49 हजार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से वधू के खाते में एवं शेष 6 हजार रूपये आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यय के लिए प्रदाय की जायेगी।

टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2027-28 के लिए नवीन योजना टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी। इस योजना में बफर क्षेत्रों में संवेदनशील क्षेत्रों में विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इस नवीन योजना में बफर क्षेत्रो में संवेदनशील क्षेत्रों में चेनलिंक फेसिंग का निर्माण किया जाएगा। वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। चारागाहों एवं जल स्त्रोतों का विकास किया जाएगा। वन्य प्राणियों का उपचार और स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। नागरिकों के कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# विद्यार्थी अपनी जिम्मेदारी पूर्ण समर्पण के साथ निभाएं और आगे बढ़ें-राज्य मंत्री पटेल



भोपाल (आरएनएस) पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि शिक्षा पूर्ण होने और प्लेसमेंट हो जाने के बाद सभी विद्यार्थी एक नए जीवन की ओर आगे बढ़ेंगे। वे अपनी जिम्मेदारी पूर्ण समर्पण के साथ निभाएं और आगे बढ़ें। उन्हें जीवन में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी कठिनाई के समय में निराश न हों, बल्कि अपने अंदर की कमी को निखारे और आगे बढ़े। जीवन में कुछ हट के करना होगा, जिससे दुनिया आपको याद रखे। आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी के वर्ष-2025 बैच के प्लेसमेंट में चयनित इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, मैनेजमेंट, फार्मेसी, बीबीए, बीसीए एवं अन्य कोर्स के छात्रों के लिए प्लेसमेंट-डे का आयोजन आईईएस कैम्पस में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने किया। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

आईईएस यूनिवर्सिटी चान्सलर श्री बी.एस. यादव, प्रो. (डॉ.) सुनीता सिंह उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। यूनिवर्सिटी के सीईओ श्री देवांश सिंह ने आभार व्यक्त किया। हर साल की तरह इस बार भी आईईएस यूनिवर्सिटी के वर्ष-2025 बैच के विद्यार्थियों का अच्छा प्लेसमेंट हुआ। जून 2025 में पास-आउट विद्यार्थियों का चयन देश की टॉप कंपनी जैसे विप्रो, कॉग्निजेंट, डेलोइट, पियाजिओ, जायकी, माइन्ड ट्री जैसी कई कंपनी में हुआ

# जल संसाधन मंत्री सिलावट ईंटखेड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल हुए



भोपाल (आरएनएस) जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ईंटखेड़ी में बाणगंगा नदी के विसर्जन घाट पर सफाई, सौंदर्यीकरण एवं जल संरक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बलिदान स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग और बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में विधायक श्री विष्णु खत्री,जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहन सिंह जाट, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री प्रमोद राजपूत,सरपंच श्री हरि सिंह सैनी, श्री तीरथ सिंह मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री सिलावट ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जल संरक्षण के संकल्प को पूरा करने के लिए अभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने %मन की बात% कार्यक्रम में 13 मिनट तक जल गंगा संवर्धन और संरक्षण की आवश्यकता बताई थी। भविष्य के लिए जल को संरक्षित करना आवश्यक है, क्योंकि जल के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मंत्री श्री सिलावट ने जन-आंदोलन के साथ इस कार्य को करने का आहवान किया।

# नवीन तकनीक से चिन्हित हों लाभार्थी, हर जरुरतमंद को मिले योजनाओं का लाभ-मंत्री पटेल

भोपाल-(आरएनएस) पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की कार्यकारिणी समिति की छठवीं बैठक अरेरा हिल्स स्थित विकास भवन में हुई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह भी सम्मिलित हुईं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा में क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया का ही पालन किया जाए। विभाग को उन्नत तकनीक की सहायता लेकर जीआईएस लैब स्थापित करने, रिमोट सेंसिंग जीआईएस और एआई पूरे विभाग में लागू करने के प्रस्ताव पर भी बैठक में चर्चा हुई। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि एक



जिले में एक लैब ही संचालित की जाए। जिन जगहों पर पहले उन्नत लैब हैं, उन्हें अपग्रेड कर संभाग स्तर की लैब बनाएं। इस तरीके से बजट का सदुपयोग होगा और कई अन्य जन-सरोकार से जुड़ी पहल के लिए कार्य किया जा सकेगा। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत हर हाथ को काम देने के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने मनरेगा की भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मनरेगा के तहत 15 करोड़ मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य है, इसके लिए अधिकारी कार्य योजना बनाएं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान 5 करोड़ मानव दिवस सृजित कर जरूरतमंदों को काम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि अब तक करीब 42 लाख रोजगार दिवस सृजित किए जा चुके हैं। मंत्री श्री पटेल ने ग्राम रोजगार सहायक की सेवा शर्तों, कार्यरत अमले को अतिरिक्त प्रभार दिये जाने, संविदा अधिकारी/कर्मचारियों की नवीन सेवा शर्तों, स्टेट क्वालिटी मॉनीटर्स का इमपैनलमेंट और विधि परामर्शदाता की सेवाएं लेने के संबंध में समीक्षा की।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल और राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने परिवर्तन के पथप्रदर्शक'' पुस्तक का विमोचन किया। यह वर्ष 2021 से 2024 तक ग्रामीण उत्थान में मनरेगा की सफलताओं पर आधारित है। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल की अध्यक्षता में राज्य आजीविका फोरम सोसायटी की शासी निकाय की बैठक भी हुई।

## मध्य प्रदेश मौसम अपडेट: 24 अप्रैल तक इन जिलों में हीटवेव का असर, क्या फिर छाएंगे बादल? होगी बारिश?

भोपाल (आरएनएस)। बादल बारिश का दौर थमते ही मध्य प्रदेश का मौसम एकदम से बदल गया है।तापमान में इजाफा होते ही गर्मी का असर तेज होने लगा है। रविवार को प्रदेश के करीब 23 शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। रतलाम व सीधी में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की और वृद्धि हो सकती है।इस दौरान लू चलने का भी अनुमान है। फिलहाल इस हफ्ते प्रदेश के सभी जिलों का मौसम शुष्क व साफ बना रहेगा। कहीं भी बादल बारिश की कोई संभावना नहीं है। 21 से 24 अप्रैल तक ऐसा रहेगा प्रदेश के जिलों का मौसम 21 अप्रैल : भोपाल, इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर में दिन का तापमान 41 डिग्री के पार। अन्य शहरों में भी गर्मी का असर तेज। 22 अप्रैल : नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा,राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सीधी में लू चलने की संभावना। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग के अन्य जिलों में भी तेज गर्मी।

### घुमक्कड़ समुदायों के समेकित विकास के लिए जन अभियान परिषद करेगा सर्वेक्षण

# विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु जातियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार - राज्य मंत्री श्रीमती गौर

भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण,विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु जातियों के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। जन अभियान परिषद के माध्यम से इन विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु 51 जातियों के परिवारों के समेकित विकास के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू किया जाएगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद पहले चरण में 12 जिलों के 71 ब्लॉक में सर्वेक्षण करेगा। जो 30 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होकर 30 सितंबर 2025 तक चलेगा। सर्वेक्षण का उद्देश्य इन समुदाय के लोगों की जीवनशैली, पारंपरिक व्यवसाय और सांस्कृतिक परंपराओं की



जानकारी का दस्तावेजीकरण करना है। कई बार निरंतर स्थान बदलने के कारण यह किसी भी भौगोलिक सीमा के सर्वेक्षण में नहीं आ पाते हैं। एक स्थान पर निवास ना होने के कारण इन जातियों के लोगों के आधार कार्ड, समग्र कार्ड इत्यादि भी नहीं बन पाते हैं। इस सर्वेक्षण से शासन की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लाभ इन जातियों को मिल सकेगा, रिहाइशों की पहचान हो सकेगी और स्थान परिवर्तन का समय, कारण व अन्य तथ्यों की जानकारी एकत्रित की जा सकेगी। बैठक में जन अभियान परिषद् के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्री मोहन नागर, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंखयक कल्याण, विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार, संचालक विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु श्री नीरज वशिष्ठ, जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ उपस्थित थे।

# किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रेरित करें : कलेक्टर बाथम

रतलाम, आरएनएस। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टर राजेश बाथम की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री बाथम ने सभी जिला प्रमुखों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की उपलब्धि एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक की प्रगति की जानकारी सीईओ जिला पंचायत को उपलब्ध करवाएं। बैठक के दौरान कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड से छूटे सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय में पदस्थ शासकीय सेवकों के स्वत्वों का निराकरण त्वरित गति से करे। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री बाथम ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान से जुडे विभागीय अधिकारियों को शासन द्वारा जो कार्य दिए गए हैं,

## सिंधिया की बदौलत बुंदेलखंड के खिलाड़ियों को मिला सुनहरा अवसर : आकाश सिंह राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। हमारे बुंदेलखंड के युवक युवतियों में हुनर की कमी नहीं है बस जरूरत है तो इन्हें एक मंच देने की और वह मंच महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया और महाआर्यमन सिंधिया की बदौलत बुंदेलखंड के खिलाड़ियों को एक सुनहरे अवसर के रूप में मिला है । यह बात आकाश सिंह राजपूत ने सागर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने टीम के ओनर रोहित वाधवा को शुभकामनाएं व धन्यवाद दिया कि रोहित वाधवा जी ने बुंदेलखंड के युवाओं का हुनर पहचना और बुंदेलखंड की टीम बनाने के लिए वह सागर आए।

आकाश सिंह राजपूत ने बुंदेलखंड बुल्स टीम के चैन हेतु की गई प्रेस वार्ता के अवसर पर कहा कि बुंदेलखंड के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है कि बुंदेलखंड बुल्स टीम बनेगी और मध्य प्रदेश लीग सिंधिया कप के माध्यम से हमारे बुंदेलखंड के युवक ही नहीं हमारी बहने भी ,अपना हुनर पूरे देश को दिखाएगी इतना ही नहीं हमारे होनहार खिलाड़ी इस मंच के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे बुंदेलखंड का नाम रोशन करेंगे । बुंदेलखंड बुल्स टीम के ओनर रोहित वाधवा ग्वालियर के बड़े व्यापारी हैं जिनका ग्वालियर में आर डब्लू ग्रुप है साथ ही रियल एस्टेट, हॉस्पिटल,रिटेल और स्पोर्ट के जाने-माने व्यापारी हैं।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रोहित वाधवा ने बताया कि आकाश सिंह राजपूत द्वारा बुंदेलखंड की टीम बनाने को लेकर लगातार संपर्क एवं प्रयास किया जा रहा

# भारतीय संस्कृति में है समृद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण-उच्च शिक्षा मंत्री परमार

भोपाल - उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल एवं अखिल विश्व गायत्री परि?वार के संयुक्त तत्वावधान में 卐यज्ञ अनुष्ठान के विभिन्न पहलुओं पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित शोध, परीक्षण एवं प्रयोगात्मक अध्ययन कार्यों के विस्तृत प्रतिवेदन卐 का अवलोकन किया। प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण द्वारा शोधार्थी विद्यार्थियों ने मंत्री श्री परमार को अपने शोध एवं अध्ययन कार्यों से भी अवगत कराया।

मंत्री श्री परमार ने 卐भारतीय ज्ञान परम्परा卐 के महत्वपूर्ण अंग यज्ञ अनुष्ठान पर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित आध्यात्मिक पुरुषार्थ करने वाले समस्त शोधार्थी विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिक दल की सराहना करते हुए, उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि यज्ञ अनुष्ठान, भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न एवं महत्वपूर्ण अंग है। यज्ञ अनुष्ठान के शोध एवं अध्ययन का यह निष्कर्ष, वैश्विक मानस पटल पर भारतीय पुरातन ज्ञान के प्रति मानसिक अवधारणा को प्रभावित करेगा और भारतीय समाज में प्रचलित परम्परा के रूप में निहित



ज्ञान में विद्यमान वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर अभिव्यक्त करेगा। श्री परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित शोध एवं अध्ययन सतत् होना चाहिए। भारतीय समाज में हर विद्या हर क्षेत्र में विद्यमान ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुनः शोध एवं अनुसंधान कर, दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता हैं। इसके लिए समाज में अपने पुरातन ज्ञान के प्रति स्वत्व का भाव जागृत कर, हीन भावना से मुक्त होना होगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने समाज में शोध एवं अनुसंधान के आधार पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण समावेशी परंपराएं स्थापित की थीं। अतीत के विभिन्न कालखंडों में भारतीय समाज की परम्पराओं के प्रति हीन दृष्टि बनाने का कुत्सित प्रयास किया गया। ऐसे शोध निष्कर्षों से भारतीय समाज के प्रति वैश्विक मानसिक अवधारणा में परिवर्तन आएगा।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने प्रकृति एवं प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोतों जल, सूर्य एवं वृक्ष आदि के संरक्षण के लिए कृतज्ञता के भाव से श्रद्धा रूप में परम्परा एवं मान्यता स्थापित की थीं। कृतज्ञता, भारत की सभ्यता एवं विरासत है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा में भारतीय ज्ञान परम्परा के समावेश का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। भारतीय ज्ञान परम्परा मात्र ग्रंथों में सीमित नहीं है बल्कि इसमें समृद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समावेश हैं। इसके दस्तावेजीकरण की आवश्यकता है। इससे भविष्य की पीढ़ी जान सकेगी कि भारत विश्वगुरु की संज्ञा से क्यों सुशोभित था। मंत्र श्री परमार ने कहा कि ऐसे शोध एवं अध्ययन के निष्कर्ष समाज को अपने ही ज्ञान के प्रति हीन भावना से मुक्त करेंगे और वैश्विक मानस को परिवर्तित करने में योग्यता सिद्ध करेंगे। ज्ञातव्य है कि अखिल विश्व गायत्री परि?वार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रायसेन जिले के मंडीदीप स्थित औद्योगिक क्षेत्र में 13 से 16 जनवरी 2025 को संपन्न हुए चार दिवसीय आमजन शक्ति संवर्धन, विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दौरान यह शोध, परीक्षण एवं अध्ययन कार्य संपादित किए गए है। उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल के 27 शोधार्थी विद्यार्थियों ने विभिन्न संस्थानों के समन्वय एवं सहयोग से यह प्रयोगात्मक अध्ययन एवं शोध कार्य किया है, जिसके उत्साहजनक निष्कर्ष एवं सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।



## वस्त्र संहिता जरूरी

महाराष्ट्र के सभी मंदिरों में दिशा-निर्देश जारी कर भक्तों से शालीन कपड़े पहनने का आग्रह किया जा रहा है। मंदिरों के न्यासियों का मानना है, धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के लिए ड्रेस कोड यानी वस्त्र संहिता जरूरी है। पुणे के मोरगांव और थेउर, अहिल्यानगर में सिद्धटेक और पिंपरी चिंचवाड़ मोरया गोसावी और रायगढ में खार नारंगी आदि के प्रबंधकों ने श्रद्धालुओं से उचित पोशाक पहनने का अनुरोध किया है। यह स्पष्ट किया गया है कि यह अनिवार्य नहीं है, मगर शिष्टाचार बनाये रखने के लिए सम्मानजनक अपील भर है। इसी साल के शुरुआत में मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धविनायक मंदिर में भी ड्रेस कोड की घोषणा की थी। कुछ अन्य मंदिरों ने जींस, स्कर्ट, शार्ट्स, देह दर्शाना पोशाक पर सख्त पाबंदी लगाई है। यह प्रतिबंध समूचे महाराष्ट्र में लागू करने के प्रयास हैं। शनि शिगणापुर व अहिल्यानगर जिले के शिरडी में भी यह ड्रेस कोड लागू करने की अपील की गई है। कुछ साल पहले नागपुरके चार मंदिरों में ड्रेस कोड जारी किया था, जिसमें गोपालकृष्ण मंदिर, संकटमोचन पंचमुखी हनुमान, बृहस्पति मंदिर व दुर्गामाता मंदिर शामिल हैं। देशभर के विभिन्न बड़े मंदिरों में तेजी से ड्रेसकोड लागू होते जा रहे हैं। इसका बड़ा कारण यह भी है कि युवाओं में छोटे या बदन उघाडू कपड़े पहनने का फैशन चल पड़ा है। वास्तव में अन्य धार्मिक स्थलों मसलन गुरुद्वारों, चर्च व मजारों में इस तरह के ड्रेस कोड हमेशा से चले आ रहे हैं। कुछ धार्मिक स्थलों में सिर ढककर ही प्रवेश की आज्ञा होती है। हालांकि हिन्दू धर्म इन सब को लेकर बेहद सहिष्णु रहा है। तार्किक तौर पर तो बड़े मंदिरों में गर्भगृह में देवताओं की पूजा-अर्चना करने वाले महंत/पुरोहित/पुजारी हमेशा से केवल कमर के नीचे का भाग ढकते हैं।

# संघर्ष और कारोबार के चलते भारत में बढ़ रही चीनी भाषा की प्रासंगिकता

बीते बीस अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में चीनी भाषा दिवस मनाया गया। यूनेस्को के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा चीनी या मंदारिन ही है। इसे चीन के अलावा ताइवान, सिंगापुर, मलयेशिया, थाइलैंड, ब्रुनई, इंडोनेशिया और फिलीपिंस में भी इसका व्यवहार हो रहा है। मंदारिन को लेकर भाषा विज्ञानियों में मान्यता है कि यह कठिन भाषा है। हालांकि चीनी भाषाविदों ने इसे पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही सहज बनाने की दिशा में बड़ा काम किया है। इसलिए यह पहले की तुलना में अब कहीं ज्यादा सहज हो गई है। इसलिए दुनियाभर में इसे सहज रूप से इसे स्वीकार भी किया जाने लगा है।

जहां तक भारत का सवाल है तो चीन के साथ सीमाओं पर जारी तनातनी के चलते चीनी भाषा की पढ़ाई और जानकारी के लिए भारत में भी क्रेज बढ़ रहा है। गलवान में भारत-चीनी सैनिकों के संघर्ष के बाद चीनी सीमा पर तैनात सैनिकों को चीनी भाषा की जानकारी और शिक्षा देने की कोशिशें हो रही हैं। बेशक भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी चीन है, लेकिन उसकी भाषा और हमारी भाषाओं के बीच संबंधों की कोई सहज कडी नजर नहीं आती। इसलिए इस भाषा को सीखना थोड़ा कठिन होता है। चीन की भाषा को मंदारिन कहते हैं और मंदारिन का शाब्दिक अर्थ ही होता है, कठिन। इसलिए इस भाषा को सीखने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत पड़ती है। मंदारिन में 21 व्यंजन और 16 स्वर होते हैं। इन ध्वनियों को मिलाकर लगभग 420 अलग-अलग शब्दांश बनाए जा सकते हैं। जहां तक मंदारिन में स्वरों की बात है तो इसमें चार स्वर होते हैं। ये चार स्वर - पहला स्वर, दूसरा स्वर, तीसरा स्वर, और चौथा स्वर - कहे जाते हैं। ये स्वर एक शब्दांश के उच्चारण में बदलाव करते हैं और अर्थ को बदल देते हैं। इसके अलावा, एक तटस्थ स्वर भी होता है, जिसे मंदारिन के भाषा विज्ञानी पाँचवाँ स्वर भी मानते हैं।

चीनी भाषा में, अक्षर को卐हांजी卐 कहा जाता है। ये अक्षर, अंग्रेजी वर्णमाला या हिंदी वर्णमाला के अक्षरों की तरह नहीं हैं। प्रत्येक अक्षर एक शब्द या अर्थ के लिए एक प्रतीक है। चीनी भाषा में हज़ारों अक्षर हैं, लेकिन दैनिक उपयोग में छह हजार से लेकर आठ हजार अक्षरों का प्रयोग होता है। इतने स्वरों को याद रखना आसान नहीं है, इसीलिए मंदारिन को कठिन भाषा कहा जाता है। भारत में कई संस्थान चीनी भाषा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम चला रहे हैं, लेकिन यहां के कई विश्वविद्यालयों मसलन दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुमार मंगलम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम, पंजाब विश्वविद्यालय, विश्वभारती, जामिया मिलिया इस्लामिया, सिक्किम विश्वविद्यालय के साथ ही देहरादून के दून विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों में चीनी भाषा की पढ़ाई होती है। लेकिन अब इसे चीनी सीमा से सटे राज्य उत्तराखंड के स्कूलों में भी पढ़ाया जाने लगा है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। जिसके तहत उत्तराखंड राज्य के पंद्रह सरकारी स्कूलों के 11 वीं और बारहवीं कक्षा के करीब ढाई सौ बच्चों को चीनी भाषा पढ़ाइ जा रही है। इस पहल का मकसद स्कूली छात्रों को मंदारिन भाषा से लैस करना है। इसकी बड़ी वजह यह है कि वैश्विक बाजार में चीन की हिस्सेदारी बढ़ती चली गई है। इतना ही नहीं, चीन आज विश्व की नंबर दो आर्थिक महाशक्ति हो चुका है। इस वजह से चीनी संस्कृति और भाषा के साथ ही आर्थिकी की ओर दुनिया हाथ बढ़ा रही है। इसके लिए चीनी भाषा के कुशल लोगों की वैश्वक स्तर पर जरूरत बढ़ रही है। चीन की कंपनियों और बाजार से संपर्क अंग्रेजी के जरिए भले ही हो जाए,लेकिन वहां की असल जरूरत और समस्या को उसी की भाषा में ही समझा और जाना जा सकता है। इसीलिए चीनी भाषा को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता बढ़ी है। उत्तराखंड भी इसी वजह से अपने छात्रों को चीनी भाषा सिखा रहा है। उत्तराखंड राज्य के पीएमश्री विद्यालयों में जारी इस परियोजना की नींव पौड़ी गढ़वाल के डीएम आशीष चौहान ने 2023 में रखी थी। बच्चों को मंदारिन पढ़ाने का विचार साल 2021 में तत्कालीन भारतीय सेनाओं के चीफ ऑफ स्टॉफ जनरल बिपिन रावत और दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल के बीच चर्चा के बाद आया था।

## सर्वोच्च न्यायालय वक्फ बोर्ड संशोधन कानून की सुनवाई में सतर्क, और दो अंतरिम आदेश जारी किए

अजय दीक्षित

सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना की अध्यक्षता वाली खंड पीठ ने नवीनतम वक्फ बोर्ड कानून के दो बिंदुओं को जस का तस रखने के आदेश जारी किए हैं जिसमें वक्फ बाय यूजर मुस्लिम धर्म की संपत्तियों को डिनोटिफाइड नहीं करने के आदेश दिए हैं जो 1991के वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के अनुसार रहेंगे।दूसरे यूडब्ल्यूएमआईआईडी यानि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2025 के अनुसार राज्य वक्फ बोर्ड या केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नियुक्ति अगली सुनवाई 05 मई तक नहीं करेगी ।यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय की ओर से भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को नोट कराए गए। याचिकाकर्ता मनोज झा, असुद्दीन उवैसी,इमरान मसूद,तथा अन्य याचिकाकर्ता सहित 77 याचिका दायर की गई है। इस मामले में उपराष्टपति जगदीप धनगढ़ ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय संसद के बनाए कानून को रोक नहीं सकती है।

उल्लेखनीय है याचिकाकर्ता ने अनुच्छेद 26 धार्मिक स्वतंत्रता का हवाला देकर न्यायालय से यह मांग की है कि मुसलमानों के धार्मिक रीति रिवाज और वक्फ संपत्तियों को

देख भाल करने के लिए बनी समितियों, बोर्डों, परिषद में गैर मुसलमान की नियुक्ति करना संविधान की अनुच्छेद 26 के खिलाफ है। सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल की जिरह सुनने के बाद आदेश जारी किया है हालांकि सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह दलील भी दी कि तब तो सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस खन्ना की खंड पीठ भी सुनवाई नहीं कर सकती।

## भारतीय मिसाइलों व रक्षा उपकरणों का बज रहा दुनिया में डंका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सर्वांगीण विकास के पथ पर बढ़ता हुआ आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। रक्षा क्षेत्र भी इस धारा से अछूता नहीं है इसमें भी अहम और व्यापक परिवर्तन दिख रहा है ।2014 के पूर्व मात्र एक दशक पूर्व तक भारत की पहचान रक्षा उपकरणों के खरीदार की हुआ करती थी। रक्षा खरीद में घोटालों के समाचार आना सामान्य बात थी फिर भी ख़रीदे गए हथियारों की समय पर आपूर्ति नहीं होती थी।

मोदी जी के नेतृत्व में ये परिस्थितियाँ तीव्रता के साथ बदल रही हैं। अब भारत जल, थल और नभ तीनों सेनाओं के सभी अंगों को सुदृढ़ करने के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है जिससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और बल दोनों निरंतर बढ़ रहे हैं। भारत के रक्षा वैज्ञानिक निरंतर शोध में में व्यस्त हैं। हर दिन किसी न किसी मिसाइल का सफल परीक्षण किया जा रहा है, रक्षा उपकरणों का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है जिसके फलस्वरूप भारत की मिसाइलों व रक्षा उपकरणों का डंका विश्व बार में बजने लगा है। अब भारत रक्षा उपकरणों तथा तकनीक का क्रेता ही नहीं विक्रेता भी बन रहा है। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के अंतर्गत होने वाले समझौतों में भारत यह बात भी शामिल करता है कि क्रय किये जा रहे हथियारों का निर्माण व सम्बंधित प्रशिक्षण भी भारत में हो। राफेल लड़ाकू विमान इसका प्रमुख उदाहरण है।

आज भारतीय मिसाइलों की क्षमता से विश्व प्रभावित हो रहा है और कई देश भारतीय मिसाइलें खरीदकर उन्हें अपनी सीमाओं की सुरक्षा में लगाना चाहते हैं। वह छोटे देश तथा जिनकी सीमा चीन से लगी हुई है या फिर जिन पर विस्तारवादी चीन की गिद्ध दृष्टि लगी है, विशेष रूप से भारत की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदकर अपने यहां तैनात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक कुशल रणनीतिकार की तरह चीन व पाकिस्तान को चारों ओर से घेरने का काम कर रहे हैं, जिसमें ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें महत्वपूर्ण हैं। ब्रह्मोस एक ऐसी उन्नत मिसाइल है जिसे न केवल दक्षिण चीन सागर के राष्ट्र अपितु बड़े मुस्लिम राष्ट्र भी खरीद रहे हैं। चीन के शत्रु फिलीपींस को भारत ने ब्रह्मोस दी है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्यात भारत द्वारा किसी भी देश के साथ किया गया अब तक का सबसे बड़ा रक्षा विक्रय समझौता है। भारत ने ब्रह्मोस सुपर सोनिक मिसाइल की आपूर्ति के लिए जनवरी 2022 में फिलीपींस के साथ 375 मिलियन डालर का समझौता किया था जो कि अब लागू हो चुका है। अप्रैल- 2024 फिलीपींस को ब्रह्मोस की पहली खेप मिली। इंडोनेशिया भी भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने वाला है। वियतनाम और मलेशिया जैसे दक्षिण पूर्व एशियाई देशों ने भी इस अत्याधुनिक मिसाइल को खरीदने में रुचि दिखाई है। आगामी दिनों में सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी ब्रह्मोस मिसाइल के बड़े खरीददार बन सकते हैं। श्रीलंका जैसे छोटे देश जिनकी सीमा चीन से मिलती है उन सभी देशों के साथ ब्रह्मोस को तैनात करने के लिए बातचीत चल रही है। साथ ही यह वर्ष ब्रह्मोस मिसाइल का 25वां वर्ष मनाया जा रहा है इसलिए 25 देशों के साथ ब्रह्मोस की डील को लेकर वार्ता चल रही है जिसमें कुछ देशों के साथ वार्ता अंतिम चरण में पहंच चुकी है।

## हरियाली और जल संरक्षण

विवेक रंजन श्रीवास्तव

प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस वर्ष की थीम पृथ्वी बचाओ के साथ-साथ पर्यावरण के दो मूलभूत आधार हरियाली और जल संरक्षण पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है। ये दोनों ही तत्व न केवल मानव जीवन, बल्कि समस्त जैव विविधता के अस्तित्व की कुंजी हैं।

हरियाली, प्रकृति का हरा सोना कही जा सकती है।

वृक्ष और वनस्पतियाँ पृथ्वी के फेफड़े हैं। समुद्र पृथ्वी के सारे अपशिष्ट नैसर्गिक रूप से साफ करने का सबसे बड़ा संयत्र कहा जा सकता है। वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, जलवायु को संतुलित करते हैं, और जीव-जंतुओं को आश्रय देते हैं। भारत में वनों का क्षेत्रफल लगभग 21.71 प्रतिशत, भारतीय वन सर्वेक्षण 2021के अनुसार है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आवश्यक 33 प्रतिशत से कम है। शहरीकरण, अंधाधुंध निर्माण, और औद्योगिकीकरण के कारण हरियाली का ह्रास एक गंभीर समस्या बन चुका है।

## नया पोप कैसे चुना जाता है क्या होती है इनकी धार्मिक जिम्मेदारी उत्तराधिकारी के चयन में भारत की उपस्थिति कैसे है महत्वपूर्ण

प्रय भाइयों और बहनोंए मुझे बहुत दुख के साथ हमारे होली फादर फ्रांसिस की मृत्यु की घोषणा करनी पड़ रही है। आज सुबह 7रू35 बजेए रोम के बिशपए फ्रांसिस हाउस ऑफ फादर लौट गए। उनका पूरा जीवन प्रभु और उनके चर्च की सेवा के लिए समर्पित था। प्रभु यीशु के सच्चे शिष्य के रूप में उनके उदाहरण के लिए अपार कृतज्ञता के साथए हम पोप फ्रांसिस की आत्मा को एक और त्रिदेव ईश्वर के असीम दयालु प्रेम के लिए समर्पित करते हैं।ष् ये बात वेटिकन ने 21 अप्रैल की दोपहर पोप फ्रांसिस को लेकर कही।

वैटिकन सिटी अपने आप में एक स्वायत्त देश के रूप में काम करता है। जैसे की ब्रिटेन में सॉवरेन कौन होगा किंग चार्ल्स तृतीयए भारत में सॉवरेन कौन है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उसी प्रकार वेटिकन सिटी में पोप होते हैं। कैथेलिक ईसाइयो के बीच पोप का खासा महत्व है। ब्रिटानिका के मुताबिक पिछले तकरीबन 2 हजार सालों 260 से ज्यादा पोप बनाए गए हैं। पोप रोम के बिशप होते हैं और पूरे रोमन कैथेलिक चर्च का नेतृत्व करते हैं। हालांकि ठीक.ठीक ये बताना मुश्किल है कि अब तक कितने लोग इस पद पर रह चुके हैं क्योंकि इतिहास में कई बार ये पद विवादों में रहा है। कुछ समय तो ऐसा भी हुआ कि जब एक साथ दो या तीन पोप थे। एक को असली पोप माना जाता था जबकि बाकी को एंटी पोप कहा जाता था। एंटी पोप वो व्यक्ति होता है जो वैध रूप से चुने गए पोप के विरोध में रोमन कैथेलिक चर्च का नेता होने का दावा करता है। हालांकि कुछ अन्य ईसाई ग्रुप जैसे कि प्रोटेस्टेंट पोप की सत्ता को नहीं मानते हैं। लेकिन अब सवाल उठता है कि पोप कैसे चुने जाते हैंए वेटिकन सिटी क्या होती है। कौन बन सकता है पोप और पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनका उत्तराधिकारी कौन हो सकता हैघ्

यूरोप महाद्वीप में स्थित यह विश्व का सबसे छोटा देश और स्वतंत्र राज्य हैए जहा पोप का प्रशासन चलता है। यह इटली के शहर रोम के पास स्थित है। इसका क्षेत्रफ्ल केवल 44 हेक्टेयर है। इसकी राजभाषा है लैटिन। ईसाई धर्म के प्रमुख संप्रदाय रोमन कैथोलिक चर्च और उसके सर्वोच्च धर्मगुरु पोप का निवास होने के कारण यह विश्व भर में जाना जाता है। यहां की जनसंख्या तकरीबन 800 है। सेंट पीटर गिरजाघरए वेटिकन बाग तथा कई अन्य गिरजाघर स्थित हैं। 1929 में एक संधि के अनुसार इसे स्वतंत्र देश स्वीकार किया गया।

पोप दुनिया के सबसे बड़े पुजारी की तरह हैं। वो रोम के बिशप हैं और वेटिकन सिटी यानी दुनिया की सबसे छोटी सिटी के राष्ट्राध्यक्ष होते हैं। पोप दुनिया के विभिन्न हिस्सों में फैले 1्२ अरब कैथोलिक ईसाइयों के आध्यात्मिक नेता भी होते हैं। पोप का चुनाव कार्डिनल नाम के एक विशेष समूह द्वारा किया जाता है।

## 24 अप्रैल को रखा जायेगा वरूथिनी एकादशी व्रत

24 अप्रैल को वरुथिनी एकादशी व्रत किया जाएगा। अभी वैशाख मास चल रहा है और इस मास का महत्व काफी अधिक माना जाता है। वैशाख और एकादशी के योग धर्म-कर्म के नजरिए से बहुत शुभ है। इस दिन भगवान विष्णु के लिए व्रत करें और मौसमी फल जैसे आम, तरबूज, खरबूजे का दान भी खासतौर पर करना चाहिए। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी पर्व का विशेष महत्व है। ऐसे में वैशाख माह के कृष्ण पक्ष में वरुथिनी एकादशी मनाई जाती है, जो इस साल 24 अप्रैल को है। पौराणिक मान्यता है कि वरुथिनी एकादशी की धार्मिक महत्व खुद भगवान कृष्ण अर्जुन को बताया था। इस व्रत को यदि विधि-विधान से किया जाता है तो जातक को सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए शुभ अवसर माना जाता है।

## हे माननीय! आप खुद ही बता दीजिए कि विगत लगभग आठ दशकों की आपकी खता क्या-क्या है? जानना चाहते हैं लोग!

देश की तमाम संसदीय बहसों और तल्ख न्यायिक टिप्पणियों से वह प्रशासनिक सुधार दृष्टिगोचर नहीं हुआ है, जैसा कि भारत जैसे सुलझे हुए देश से अपेक्षा की जाती है। अब भले ही न्यायिक अतिरेक की प्रवृति पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे, यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा आदि ने सवाल उठाए हैं।

चाहे संसद हो या सर्वोच्च न्यायालय, %निर्जीव% भारतीय संविधान के ये दो %सजीव% पहरेदार अब खुद ही श्वेत पत्र जारी करके आमलोगों को बता दें कि विगत लगभग आठ दशकों की नीतिगत लापरवाहियों और प्रशासनिक-न्यायिक विफलताओं के लिए आखिर कौन-कौन और कितना-कितना जिम्मेदार है? क्योंकि तमाम तरह की नीतिगत उलटबांसियों की अब हद हो चुकी है, देशवासी निरंतर असुरक्षित होते जा रहे हैं और वीवीआइपी सुरक्षा से लैस लोगों को हर जगह तंगहाली नहीं, हरियाली दिखाई दे रही है। इसलिए अब भारतीय संविधान को वकीलों का स्वर्ग बनाए रखने की जिम्मेदारी किसी को भी और अधिक नहीं दी जा सकती है!

दरअसल, देशवासियों को यह जानने-समझने का हक है कि आखिर पूरे देश में समान मताधिकार की तरह राष्ट्रीय कानूनी और सामाजिक-आर्थिक समानता स्थापित करने और जाति-धर्म-भाषा-क्षेत्र-लिंग-वर्ग भेद मुक्त धर्मनिरपेक्ष व समतामूलक समाज बनाने की दिशा में इन दोनों संस्थाओं का क्या और कितना-कितना योगदान है? वहीं, यक्ष प्रश्न यह भी है कि क्या अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अत्यंत पिछड़े वर्गों, जातीय-भाषाई-धार्मिक अल्पसंख्यकों, गरीब सवर्णों के लिए अलग-अलग कानून बनाने की सोच निरर्थक नहीं है और धर्मनिरपेक्ष भारत में एक समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रशासनिक साहस यदि हमारी संसद या सुप्रीम कोर्ट में नहीं है तो फिर उनके होने या न होने का क्या अर्थ रह जाता है?

मसलन, एक संवेदनशील और प्रगतिशील पत्रकार के रूप में यह बात मैं इसलिए उठा रहा हूँ कि भारतीय संविधान के नाम पर समस्त देश में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और उसकी निष्पक्ष समीक्षा करने की जिम्मेदारी इन्हीं दोनों संस्थाओं की है, जिसके लिए इन्हें लोगों की गाढ़ी कमाई से मोटी रकम भी मुहैया करवाई जाती है। बावजूद इसके ये दोनों संस्थाएं सही और स्पष्ट बात बोलने की बजाए गोल-मटोल, द्विअर्थी और बहुमत समर्थक जनविरोधी मुगलिया और ब्रितानी दृष्टिकोण को आजाद भारत में आगे बढ़ा रही हैं, जिसे कोई भी दूरदर्शी व प्रबुद्ध समाज स्वीकार नहीं कर सकता! क्योंकि सारे विवाद की जड़ वही अव्यवहारिक नीतियां हैं जो मुगलों और अंग्रेजों के अस्तित्व को खत्म करके अब शांतिप्रिय भारतीय नागरिकों के भविष्य को दीमक मानिंद चाट रही हैं? सच कहूं तो यदि इस तल्ख सच्चाई समझने की बुद्धि आपलोगों में नहीं है तो यह आईने की तरह साफ है कि इस विविधतापूर्ण देश में शासन करने योग्य आपलोग हैं ही नहीं! कड़वा सच है कि इस देश की तमाम संसदीय बहसों और तल्ख न्यायिक टिप्पणियों से वह प्रशासनिक सुधार दृष्टिगोचर नहीं हुआ है, जैसा कि भारत जैसे सुलझे हुए देश से अपेक्षा की जाती है। अब भले ही न्यायिक अतिरेक की प्रवृति पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे, यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा आदि ने सवाल उठाए हैं। इनलोगों ने जो बातें उठाई हैं, वह एकपक्षीय जरूर हैं, लेकिन हमारी दु:खती हुई रग को दबाने के लिए काफी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी इस देश की न्यायिक प्रवृत्ति पर टिप्पणी कर चुकी हैं? किसी जनप्रतिनिधि का निर्वाचन रद्द करने अधिकार किसी भी न्यायालय को देना लोकतांत्रिक मूर्खता है! संसद और मंत्रिमंडल के फैसले को पलट देना भी न्यायिक अतिरेक है। लेकिन यह नौबत भी इसलिए आई कि नेहरू से लेकर मोदी तक कोई पाकसाफ राजनेता नहीं आया। सबने जाति-धर्म-भाषा-क्षेत्र के लोकतांत्रिक नाले में डुबकी लगाई और लोकतांत्रिक गंगा स्नान का ऐलान करके सियासी मोक्ष पाने का डंका पीट दिया, क्योंकि दोबारा-तिबारा चुने गए। लेकिन जनता का दु:ख-दर्द दूर नहीं हुआ। सबने पूंजीवादी हितों की पैरोकारी की, प्रशासनिक हितों को आगे बढ़ाया और आमलोगों के सुख-शांति की कतई परवाह नहीं की, अन्यथा ब्रेक के बाद दंगा, भीड़ का उन्माद, मुनाफाखोरी कहीं नजर नहीं आती। इसलिए संसदीय तानाशाही भी अस्वीकार्य है! संविधान की नौवीं अनुसूची की कोई जरूरत नहीं है। सामाजिक न्याय के नाम पर जातिगत अन्याय को बढ़ावा देना नीतिगत मूर्खता है। अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक का दृष्टिकोण प्रशासनिक अदूरदर्शिता है, इससे ज्यादा कुछ नहीं।

सीधा सवाल है कि क्या इन्हीं सब दुर्दिन को दिखाने के लिए न्यायिक अवमानना और संसदीय विशेषाधिकारों से इन्हें लैस किया गया है? आखिर सर्वोपरि जनता की अवमानना और आमलोगों के विशेषाधिकार यानी मानवाधिकार की हर जगह उड़ रही धज्जियों के बारे में कौन सोचेगा, जरा आपलोग खुद ही अपने-अपने ठंडे दिमाग से सोचिए।

ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि विगत लगभग आठ दशकों की नीतिगत लापरवाहियों और प्रशासनिक-न्यायिक विफलताओं का ठीकरा यदि विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और खबरपालिका के सर पर नहीं फोड़ा जाए, तो फिर ये लोग ही सामूहिक रूप से बता दें कि आखिर इस बात का ठीकरा किसके सर पर फोड़ा जाए। क्योंकि समकालीन राष्ट्रीय परिस्थिति दिन-प्रतिदिन विकट होती जा रही है। जिन बातों को लेकर 1947 में भारत विभाजन हुआ, वही बात आजाद भारत के हिस्से में पुन: उठना कितनी शर्मनाक है! क्या मुट्ठी भर नेताओं के सत्ता सुख के लिए करोड़ों देशवासियों के सुख-शांति में आग लगाई जा सकती है? लेकिन दुर्भाग्यवश यहां वही हो रहा है! एक सवाल और, जब समाजवादी लोकतंत्र को पूंजीवादी लोकतंत्र में तब्दील किया जा रहा था, तब जनमानस को जो आशंकाएं थीं, वह आज सही साबित हो रही हैं। क्या पूंजीपतियों के बेहिसाब मुनाफे के लिए आम आदमी के हितों की बलि चढ़ाई जा सकती है? लेकिन समकालीन पूंजीपतियों के गुणवत्ताहीन और मिलावटखोर जनद्रोही रूख और प्रशासनिक लीपापोती की भावना के बीच यह सवाल सबको मथ रहा है कि आखिर इसका जनहितकारी समाधान क्या है

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कुछ नया करने का दिन है। आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। आज आपका सपना साकार होने वाला है।

वृष राशि: आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको आउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। आज अपने व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करें। आपको अच्छे ऑर्डर और नए अनुबंध मिल सकते हैं।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते किसी काम में समस्या आ सकती है। आज का दिन परिवारजनों के साथ बहुत ही सुकून भरा बीतेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र बारहवीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है।

कन्या राशि: आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है।

तुला राशि: आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होंगे। आज ध्यान रखें कि किसी भी निर्णय को लेने में बहुत अधिक समय लगाने

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें।

धनु राशि: आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज कार्यस्थल में आपकी निगरानी बहुत जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही से महत्वपूर्ण ऑर्डर हाथ से निकल भी सकते हैं।

मकर राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी समस्या हल होने वाली है। सकारात्मक नजरिया रखने से भी परिस्थितियां अपने आप ही सामान्य हो जाएंगी। आपकी संतान का ध्यान भी अपनी पढ़ाई की तरफ लगा रहेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यावसायिक मामलों में बहुत ही धैर्य और संयम रखने की जरूरत है। मीडिया तथा मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उचित उपलब्धियां बन रही हैं।

मीन राशि: आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज कार्यस्थल पर बिजनेस में बहुत व्यस्तता और मेहनत रहेगी। बिजनेस में बड़ी डील होने की संभावना है।



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और केंद्र से आतंकवाद से लड़ने के सामूहिक संकल्प को आकार देने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार से हम अपेक्षा करते हैं कि जब जरूरी कार्रवाई हो जाए और पूरी मालूमात हासिल हो गई हो तो, वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में चर्चा करेगी। उन्हें सर्वदलीय बैठक बुलाकर कुछ सलाह लेनी चाहिए। यह राजनीति नहीं है और हम इस स्थिति में राजनीति नहीं चाहते।



# धर्म कुछ भी हो लेकिन पहलगाम में पर्यटकों को बचाने के लिए भिड़ गया सैयद हुसैन शाह, फिर आतंकियों ने बरसा दी गोली

पहलगाम (आरएनएस)। आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्सा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद अब तक कई सारी दर्दनाक कहानियां सामने आई। बताया गया कि आर्मी/पुलिस की यूनिफॉर्म पहने 5 आतंकी घास के मैदान में घुसे और गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकियों ने धर्म पूछकर पुरुषों को ही निशाना बनाया। घायल एक महिला की माने तो उनके पति को इसलिए मारा गया क्योंकि वे मुसलमान नहीं थे। हमले में मारे गए कर्नाटक के मंजूनाथ की पत्नी ने बताया कि जब उन्होंने आतंकियों से बोला कि मुझे भी मार दो, तब आतंकी बोला कि तुम्हें नहीं मारेंगे, जाओ मोदी को बता दो। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। यह पर्यटकों पर 25 साल का सबसे बड़ा आतंकी हमला है। कलमा पढ़ने के लिए बोला गया, नाम और धर्म पूछा गया फिर आतंकियों द्वारा गोली मारे जाने की पहलगाम से कई घटनाओं को आप अब तक जान चुके होंगे। लेकिन क्या आपको पता है कि पहलगाम के बैसरन इलाके में



पर्यटकों पर हुए हमले में जान गंवाने वाले में एक मुसलमान भी शामिल है। पहलगाम में हुए अटैक में स्थानीय घुड़सवार सैयद हुसैन शाह की जान चली गई। वे पर्यटकों को बचाने की कोशिश कर रहे थे। सैयद हुसैन शाह, जो पर्यटकों के साथ घोड़े पर सवार थे। उन्होंने कथित तौर पर हमलावरों को रोकने की कोशिश की। उन्होंने हमलावरों से विनती करते हुए कहा कि पर्यटक निर्दोष हैं। कश्मीरियों के मेहमान हैं, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो।

सैयद आदिल हुसैन शाह एक घुड़सवार थे और अपने परिवार के लिए अकेले कमाने वाले थे। वह उन 26 लोगों में शामिल थे जिन्होंने घातक पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवा दी थी। मीडिया से बात करते हुए अपने बेटे की मौत के बारे में बताते हुए उनकी मां फूट-फूट कर रो पड़ीं। सैयद आदिल हुसैन शाह की मां ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला था। अपने बेटे की मौत पर शोक जताते हुए सैयद आदिल हुसैन शाह की मां ने कहा कि वह रोती हुई आवाज और आंखों में आंसू लिए हुए कहती हैं। वह हमारा एकमात्र सहारा था। वह घुड़सवारी करता था और परिवार के लिए पैसे कमाता था। अब हमारे लिए कोई और नहीं है जो हमें सहारा दे सके। हमें नहीं पता कि उसके बिना हम क्या करेंगे।

**बस, बहुत हो गया, बोले गुलाम नबी आजाद, आज मुसलमानों ने दिखा दिया कि...**

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। आजाद ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया, प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि पहले लोग ऐसी घटनाओं की निंदा कम ही करते थे। शायद इसलिए क्योंकि उन्हें डर था कि अगर वे आतंकवादियों के खिलाफ बोलेंगे तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। लेकिन यह पहली बार है कि मैं देख रहा हूँ कि पूरा जम्मू-कश्मीर शोक में है और जम्मू-कश्मीर का हर गाँव, जिला और शहर कल हुई घटना के विरोध में बंद है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सिविल सेवा दिवस के अवसर पर लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए। साथ में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा भी उपस्थित थे।



संयुक्त रा%य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, द्वितीय महिला उषा वेंस और अपने ब%चों के साथ नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन करते हुए.

# विदेशी में जाकर भारतीय संस्थाओं का अपमान राहुल गांधी की पहचान बन गया है : शहजाद पूनावाला

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर अपने विदेशी दौरों के दौरान भारत की आलोचना करने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार भारत की संस्थाओं को कमजोर करने का काम करते हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, राहुल गांधी एक राजनीतिक दल के साथ अपने निजी मुद्दों के कारण विदेशी धरती पर भारत की आलोचना करते रहते हैं। इस बार उन्होंने एक बार फिर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। जहां दुनिया आम चुनावों और जम्मू-कश्मीर में उल्लेखनीय काम के लिए चुनाव आयोग की प्रशंसा करती है, वहीं राहुल गांधी बार-बार भारत की संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। वह पहले ही कह चुके हैं कि वह इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं, फिर वह विदेश जाते हैं और भारत की संस्थाओं पर भी हमला करते हैं। भारत की संस्थाओं का अपमान राहुल गांधी की पहचान बन गया है। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि लोकतंत्र खत्म हो गया है। अमेरिका और ब्रिटेन को हस्तक्षेप करना चाहिए। वह कहते हैं कि न्यायपालिका और चुनाव आयोग ठीक से काम नहीं कर रहा है, लेकिन जब चुनाव आयोग ऐसा चुनाव करवाता है, जिसमें राहुल गांधी की पूरी पार्टी जीत जाती है, तब उन्हें कोई समस्या नहीं होती। जब न्यायपालिका राहुल गांधी को राहत देने वाला फैसला देती है, तब वह ठीक है। अन्यथा, वे सब खत्म हो चुके हैं और लोकतंत्र खतरे में है। यह संविधान के प्रति सशर्त प्रतिबद्धता दिखाता है और यह भी दर्शाता है कि मोदी विरोध में राहुल गांधी किसी भी हद तक गिर सकते हैं। वे संवैधानिक संस्थाओं, यहां तक कि सेना पर भी सवाल उठा सकते हैं।

शहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी की मानसिकता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, राहुल गांधी की यह मानसिकता दिखाती है कि वे कितने हकदार हैं और वह लोकतंत्र से ऊपर परिवारवाद को रखते हैं। उन्हें भारत और भारत की छवि की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने विदेशी धरती पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने और भारत के संस्थानों के खिलाफ सुपारी ले रखी है।

राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग पर लगाए गए सभी आरोपों का तथ्यात्मक रूप से जवाब दिया जा चुका है। पूनावाला ने बताया कि 9.7 करोड़ मतदाताओं में से केवल 89 शिकायतें ही प्राप्त हुईं। अगर मतदाताओं के साथ छेड़छाड़ हुई थी, तो केवल 89 शिकायतें आईं और उनका भी संतोषजनक ढंग से निपटारा किया गया। हर बिंदु को स्पष्ट किया गया है, लेकिन विदेश जाकर भारत और भारत के संस्थानों पर हमला करना, भारतीय राज्य और संस्थानों के खिलाफ लड़ना, कांग्रेस का एजेंडा बन गया है। दरअसल, अमेरिका दौरे पर ब्राउन यूनिवर्सिटी पहुंचे राहुल गांधी ने मंच से निर्वाचन आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाए। यहां उन्होंने पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनाव का उदाहरण देते हुए देश की चुनाव प्रणाली और चुनाव आयोग की मंशा को कटघरे में खड़ा किया।

## सुप्रीम कोर्ट की पार्किंग में दिखीं शीर्ष वकीलों की लग्जरी कारें, वीडियो इंटरनेट पर वायरल

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजनेता, उद्योगपति और दिल्ली भाजपा के पूर्व मीडिया प्रमुख नवीन जिंदल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक वीडियो ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। इस वीडियो में सुप्रीम कोर्ट परिसर की पार्किंग में खड़ी महंगी और लग्जरी कारें दिखाई दे रही हैं। बीएमडब्ल्यू से लेकर मर्सिडीज और अन्य महंगी गाड़ियों को देखकर ऐसा लग रहा था मानो यह किसी ऑटो शो का नजारा हो। नवीन कुमार जिंदल ने इस वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, यह कोई एक्सपो शो नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट के चुनिंदा वकीलों के लिए पार्किंग स्थल है।

इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई यूजर्स ने जहां इस पर हैरानी जताई है, वहीं कुछ लोगों ने वकीलों की कमाई और जीवनशैली को लेकर टिप्पणियां की हैं। एक यूजर ने वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, इसमें गलत क्या है, वो कमा रहे हैं और ऐश कर रहे हैं। वहीं, एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, अमीर होना कोई गुनाह नहीं है। एक और यूजर ने सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा को लेकर कहा, इंटरनेट पर इतना हाइप मत क्रिएट करो, वो सब मेहनत की कमाई से आया हुआ है।



सीआरपीएफ कर्मियों और झारखंड पुलिस ने झारखंड के बोकारो जिले के ललपनिया क्षेत्र के लुगु हिल्स में एक संयुक्त अभियान चलाया, जहां गोलीबारी में आठ नक्सली मारे गए।

## भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या', अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में बोले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद और भारतीय संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने बोस्टन स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने भारत की चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में वोटिंग प्रक्रिया में असामान्यता पाई गई। उन्होंने दावा किया कि शाम 5ञ्30 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार जितने युवाओं ने मतदान किया, उससे कहीं अधिक लोगों ने 5ञ्30 के बाद वोट डाले, जबकि उस समय तक मतदान बंद हो जाना चाहिए था। मतदान प्रक्रिया में एक व्यक्ति को औसतन 3 मिनट लगते हैं। अगर 65 लाख लोगों ने 5ञ्30 से 7ञ्30 बजे के बीच मतदान किया, तो यह फिजिकली संभव नहीं है, जब तक कि लोग रात 2 बजे तक कतार में खड़े न हों ङ्क जो नहीं हुआ, राहुल गांधी ने कहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पारदर्शिता नहीं बरत रहा है। हमने पूछा कि क्या इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी हो रही है? उन्होंने न सिर्फ इनकार किया, बल्कि कानून भी बदल दिया जिससे अब वीडियोग्राफी की मांग नहीं की जा सकती।

# अब दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार बनना तय, मेयर चुनाव नहीं लड़ेगी आम आदमी पार्टी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर पद का चुनाव न लड़ने का ऐलान करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य, केंद्र और नगर निगम में 'ट्रिपल सरकार' का रास्ता साफ कर दिया है।

सोमवार को दिल्ली की पूर्व मंत्री आतिशी और पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की। आतिशी ने कहा कि भाजपा के पास एमसीडी में बहुमत है और आम आदमी पार्टी किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त या तोड़फोड़ की राजनीति में शामिल नहीं होना चाहती।

आतिशी ने कहा, अब जब भाजपा के पास दिल्ली की सत्ता के तीनों स्तर ङ्क केंद्र, राज्य और नगर निगम हैं, तो दिल्ली के लोगों से किए गए वादों को पूरा करना उनकी जिम्मेदारी है। हम देख रहे हैं कि अब तक एमसीडी के नाम पर बहाने बनाए जा रहे थे। अब वो बहाने खत्म हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अब भाजपा को सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और प्रदूषण जैसे मुद्दों पर ठोस काम करके दिखाना होगा। आप पार्टी इन तमाम मुद्दों पर एमसीडी में एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

आम आदमी पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि वो मेयर चुनाव में उतरती तो बहुमत साबित करने के लिए पार्षद तोड़ने या खरीदने जैसे हथकंडों का सहारा लेना पड़ता, जो पार्टी के सिद्धांतों के खिलाफ है।

## रीता सिंह बनीं शिकागो की सबसे प्रतिष्ठित भारतीय महिला

नई दिल्ली (आरएनएस)। जे. बी. सिंह, जो भारतीय गुप्तचर ब्यूरो (आई.बी.) के सेवानिवृत्त अधिकारी और राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हैं, की बेटी रीता सिंह को शिकागो में भारतीय समुदाय के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया है रीता सिंह पिछले 28 वर्षों से शिकागो में रह रही हैं और वह कई प्रमुख सामुदायिक संगठनों जैसे %फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन्स (आआईए), शिकागो% और %विमेंस एंपावरमेंट (डब्लूई), शिकागो% की संस्थापक हैं। इन वर्षों में, उन्होंने भारतीय और भारतीय प्रवासी समुदाय के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनके नेतृत्व ने सामुदायिक कल्याण, सांस्कृतिक संरक्षण और महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम योगदान दिया है। अपने पति संजीव सिंह के साथ मिलकर रीता सिंह ने अमेरिकी समाज में भारतीय संस्कृति और मूल्यों का प्रतिनिधित्व किया है। उनके कार्यों ने न केवल सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखा, बल्कि महिलाओं को सशक्त भी किया है। शिकागो में उन्हें जो सम्मान मिला है, वह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रतीक है,



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर लोगों से बातचीत करती हुई.



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रांची में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय के बाहर नेशनल हेराल्ड से संबंधित कथित धन शोधन मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोप पत्र के खिलाफ हथकड़ी पहनकर विरोध

# पंजाब की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देख रही प्रगति की आशा : नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की साख को वैश्विक स्तर पर ऊंचा किया है और भारत को नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश-प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहे हैं। हरियाणा की तरह पंजाब भी प्रगति और उन्नति करें, इसके लिए अब, पंजाब की जनता को भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रगति की आशा है। पंजाब के लोगों ने विभिन्न पार्टियों पर भरोसा किया, लेकिन उन्हें सिर्फ निराशा मिली। इसलिए उन्हें विश्वास है कि नरेंद्र मोदी ही पंजाब को आगे ले जा सकते हैं।

नायब सिंह सैनी ने उनके सम्मान एवं अभिनन्दन के लिए आज जीरकपुर में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिकरत की। इस मौके पर पंजाब के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया और उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे पंजाब के युवाओं से बात करते हैं तो युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लेते हैं। आज पंजाब के किसान एवं युवा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगे बढ़ना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जब पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार हरियाणा में बनी थी, तब से हरियाणा की जनता भाजपा सरकार पर लगातार भरोसा जता रही है और समर्थन दे रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब उन्होंने 12 मार्च, 2024 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तो 50 हजार सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन 56 दिन के भीतर ही आचार संहिता लगने से नियुक्तियां नहीं हो सकी। परंतु उन्होंने हरियाणा के युवाओं से वादा किया था कि शपथ लेने से पहले ज्वाइन कराऊंगा। उन्होंने शपथ से पहले ही 25 हजार युवाओं को ज्वाइन करवाकर अपना वादा निभाया।

हरियाणा की तरह पंजाब में भी किसानों के सम्मान में नहीं आने दी जाएगी कमी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी नीतियां आमजन के हित में लागू की जा रही हैं। हरियाणा में सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं और यही सुझाव उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री को भी दिया था, पर उन्होंने नहीं माना। जब पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो पंजाब के किसानों की फसलें भी एमएसपी पर खरीदी जाएंगी।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना अधारताल में रात्रि उमाशंकर गुप्ता उम्र 48 वर्ष निवासी गोपालगंज थाना लेस्लीगंज जिला पलामू झारखण्ड वर्तमान पता शराब दुकान संजयनगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह संजयनगर शराब दुकान में सेल्समेन का काम करता है दिनांक 21-4-25 को शाम लगभग 7 बजे वह शराब के दुकान के थोड़ा आगे एक पान की दुकान के पास खड़ा था तभी एक लड़का आकर उसके साथ गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा,



सर्व ईसाई महासभा द्वारा पहलगाम कश्मीर आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च

# सर्व ईसाई महासभा द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुए निंदनीय आतंकी हमले के विरोध में को कैंडल मार्च निकाला

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ईसाई समाज के समाज सेवी पास्टर जीए स्टेनली सुकुमार पहलगामए कश्मीर आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या अत्यंत हृदयविदारक और निंदनीय है। हम उन सभी मासूमों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैए जिन्होंने इस क्रूर हमले में अपनी जान गँवाई।

उनके परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएँ हैं। प्रभु यीशु मसीह से हमारी प्रार्थना है कि परिवारो को शांति प्रदान करे और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दे। इस कायरतापूर्ण कृत्य के दोषियों को कठोर दंड




मिलना चाहिए। हम सब इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ एकजुट हैं।। इस दौरान इस दौरान ईसाई समाज के धर्मगुरु जीए स्टेनली सुकुमारए पीटर जॉनसनए मलर सेलवनए राष्ट्रिय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रांसिसए प्रदेश अध्यक्ष विनोद चैंबर्सए जिला अध्यक्ष शान कुमारए प्रदेश संघठन मंत्री प्रभाकर चक्रेए जिला सचिव डेन्ज़िल आंग्रेए जिला कोषाध्यक्ष जेरी दयालए युवा मोर्चा अध्यक्ष नॉर्बर्ट पॉल युवा सचिव शिमोनए राजा बाबूए मिडिया प्रभारी मनोज एंथोनीए मेशक ए संजयए पीए आशीष सनी एवं संघठन के लोग शामिल रहे'

## शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन प्रतिदिन चलाएँ - निगमायुक्त प्रीति यादव

**चिलचिलाती धूप से आम नागरिकों को राहत प्रदान करने निगमायुक्त के अधिकारियों को निर्देश**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के नागरिकों को चिलचिलाती धूप से राहत प्रदान करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन को चलाया जाए।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि भीषण गर्मी और धूप को देखते हुए इस मौसम में चिलचिलाती धूप एवं डस्ट से आम नागरिकों, राहगीरों को राहत प्रदान करने शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन लगवाई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत प्रदान की जा सके। उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों तीन पत्ती, ब्लूम चौक, छोटीलाइन चौराहा, एवं मालवीय चौक में लोगो को राहत प्रदान करने के लिए निगम द्वारा ख़रीदी गई डिफ़ोगर मशीन प्रतिदिन दोपहर के समय में चलायी जा रही है, जिससे लोगो को इस चिलचिलाती धूप से कुछ राहत मिल रही है।

## सर्वगौड़ ब्राह्मण महासभा ने की पहलगाम हमले की भर्त्सना

जबलपुर। कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमले की सर्वगौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से कड़े शब्दों में भर्त्सना की गई है। [illegible]

## न्यूटन लॉ को डेन्टिस्ट्री से जोड़कर डॉ खंडेलवाल ने क्लास को बनाया रोचक



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रसिद्ध वैज्ञानिक, गणितज्ञ, भौतिकशास्त्री और दार्शनिक सर आइजैक न्यूटन के गति के नियमों को दंतचिकित्सा से जोड़कर मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ अशोक खंडेलवाल ने भावी दंत चिकित्सों की क्लास को रोचक बना दिया। अपने ऑर्थोडोंटिया विषय के ज्ञान को उन्होनें दंत चिकित्सा में दांतों पर लगने वाले बलों या ब्रैकेट्स और आर्थोडॉन्टिक उपकरणों द्वारा उत्पन्न दबावों से जोड़कर और दांतों पर किसी क्रिया जैसे दांतों के बीच ज्वांइट बनाने के लिए किया गया दबाव और उसके परिणामस्वरूप होने वाली प्रतिक्रिया जैसे दांतों का

**हितकारिणी डेंटल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा में मिशन मातृभाषा विषय पर कार्यशाला**

मूवमेंट आदि रोचक तथ्यों को जोड़कर छात्रों को आसानी से सरल हिंदी भाषा में समझाया। अवसर था हितकारिणी दंतचिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सा शिक्षा में मिशन मातृभाषा विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का। उन्होनें कहा कि चिकित्सा शिक्षा में मिशन मातृभाषा एक महत्वपूर्ण पहल है, चूंकि चिकित्सा शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, सेवा भी है इसलिए यह न केवल चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ायेगा, बल्कि यह शिक्षा और संवाद से छात्रों और मरीजों दोनों को फायदा पहुंचायेगा। मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पुष्पराज सिंह बघेल ने कहा कि भारतीय हिंदी साहित्य के पितामह भारतेंदु हरिषचंद्र ने भी कहा था कि निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्ति को मूल। जब चिकित्सा शिक्षा छात्रों को उनकी मातृभाषा में दी जाएगी तो वे जटिल चिकित्सकीय शब्दावली और कॉन्सेप्ट को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे और आत्मसात कर सकेंगे। छात्रों के लिए भी सवाल पूछना और समझना आसान हो जायेगा। शिक्षा के बाद भी डॉक्टरों को मरीजों से संवाद करते समय उनकी मातृभाषा का उपयोग उनकी मेडिकल प्रक्रिया को सुगम और प्रभावी बनाता है ।इस दौरान मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ अशोक खंडेलवाल, कुलसचिव डॉ पुष्पराज सिंह बघेल, हितकारिणी डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ राजेश

धीरावाणी, डीन डॉ रोहित मिश्रा, रजिस्ट्रार जय केशवानी, डॉ अनिल तिवारी, डॉ सौरभ तिवारी, डॉ अंकित ढिमोले, डॉ वर्षा चौबे, डॉ आभा चंसौरिया सहित टीचिंग स्टाफ और स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।

**पहलगाम आतंकी हमले पर**

## संगठित होगा हर हिन्दू

निरपराध निर्दोषों की क्यों कर दी हत्या निर्मम
हिंदू होना ही गुनाह था आई नहीं क्या तुम्हें शर्म।
पहलगाम की सुंदर घाटी हुई रक्त से रंजित
आतंकवाद का जिन्न निकल फिर आया करने खंडित।
हँसी खुशी जो आए घूमने क्यों ले ली उनकी जान
तो आतंकी नहीं बचेगी अब तेरी पहचान।
नहीं डराओ तुम अब हमको हिंदू संगठित होंगे
डटकर करेंगे मुकाबला तुम जीने को तरसोगे।
इस सुंदर घाटी को तुमने क्यों शमशान बनाया
लिया नाम मजहब का बेकसूरों को मार गिराया।
मोदी आगे बढ़ो देश ये तेरे साथ खड़ा है
जनता को अब न्याय दिलाओ वक्त कठिन बड़ा है।
अमानवीय यह कृत्य किया जो उसकी सजा मिलेगी
संगठित होगा हर हिंदू धर्म ध्वजा फहरेगी।
देश तुम्हारे साथ खड़ा है अमित शाह न घबराना
जुल्म से हम सब टकराएंगे लिए तिरंगा आना।
आँसू अब अंगार बनेंगे संकल्पित हो जाना
हिंदुओं को अपनी एकता का जौहर दिखलाना।
महापाप अन्याय किया है मासूमों को मारा
दोष क्या था इन बेचारों का मौत के घाट उतारा।
कभी ना हो ऐसी अनहोनी शांति अमन और चैन रहे
सत्य अहिंसा के भारत में हिंसा बिल्कुल बैन रहे।

**पहलगाम में काल कवलित हुए भाइयों को विनम्र श्रद्धांजलि।**

**डॉ संध्या जैन श्रुति**

## जलगंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक आज

जबलपुर- जिले में चलाये जा रहे जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए गुरूवार 24 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को वांछित जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने दिये

## समय पर हितग्राहियों को राशन सुनिश्चित हो-कलेक्टर सक्सेना

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेरना की अध्य,क्षता में आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं गेहूं उपार्जन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नुजहत बकाई ने बताया कि माह अप्रैल 2025 के आवंटन के विरुद्ध 86 प्रतिशत आवंटन का प्रदाय किया जा चुका है, शेष आवंटन का प्रदाय 2-3 दिवस में पूर्ण कर लिया जावेगा।



कलेक्टर द्वारा जिला आपूर्ति नियंत्रक को निर्देशित किया गया, कि जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में माह अप्रैल 2025 की राशन सामग्री का प्रदाय 02 दिवस में पूर्ण कराया जाए एवं यह सुनिश्चित किया जावे, कि कोई भी पात्र हितग्राही राशन पाने से वंचित न रहे। कलेक्टर श्री सक्सोना ने समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, उप पंजीयक सहकारिता तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को गेहूं उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण किए जाने के निर्देश भी दिए एवं हिदायत दी गई कि अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध तत्काल कठोर अनुशासनात्म क कार्यवाई की जावे तथा जिन उपार्जन केन्द्रो में खरीदी प्रांरभ नहीं हुई है उनमें तत्काल खरीदी प्रांरभ कराई जावें। उन्हों ने कहा कि किसान अपने फसल को उपार्जन केन्द्रों में लाये, अन्य जगह सस्ते दामों में बेचकर घाटे में न रहें।

साथ ही कहा कि गेहूं उपार्जन में व्य?वधान उत्प्न करने वाले तत्वों पर एनएसए की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उन्होंनने विशेष रूप से कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्नर उठाव के संबंध में जो भी दिक्क तें आ रहीं हैं उन्हें तत्कालि ठीक किया जाये।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने किया विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा आज तिलहरी, एकता मार्केट, सदर चौपाटी में निरीक्षण एवं नमूना की कार्यवाही की गई। जिसमें तिलहरी स्थित गुल पराठा एवम स्नैक्स सेंटर तिलहरी, कुल्हड़ चाय एंड बेकरी, यादव जूस सेंटर से पनीर, काबुली चने, मैदा,बेसन, बर्गर और सदर चौपाटी स्थित सुभान केक्स बेकर्स आइसक्रीम से आइस क्रीम, नूडल्स मोमोज सेंटर और कोलकाता कॉर्नर,मयंक चाट सेंटर सदर से बेसन सेव एवम फुल्की का पानी सम्राट चाट से नमकीन, श्री साई चाट सेंटर से फुल्की का पानी, मनीष दोसा सेंटर से पनीर के नमूने संग्रहित किए गए। टीम ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए खाद्य निर्माण एवं विक्रय में स्वच्छता संबंधी विशेष सावधानियां रखने के निर्देश जारी किए गए।

मौके पर ही खाद्य सुरक्षा अधिकारीयों द्वारा द्वारा क्षेत्र के सभी स्ट्रीट फूड वेंडर्स ,जंक फूड संचालक को खाद्य सुरक्षा संबंधी की अनुसूची 4 के तहत प्रशिक्षण मौके पर प्रदान किया गया एवं फूड सेफ्टी डिस्पले बोर्ड प्रदर्शित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि यह खाद्य सुरक्षा प्रशासन निरंतर जंक फूड,स्ट्रीट एवं फास्ट फूड पर यह कार्यवाही कर रहा है। संस्थानों में गंदगी पाए जाने अस्वच्छ कर परिस्थितियों में निर्माण किए जाने लाइसेंस प्रदर्शित न करने, फूड सेफ्टी डिस्पले बोर्ड का प्रदर्शन न होने पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी खाद्य नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला जांच के लिये भोपाल भेजा जा रहा है। जांच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाए जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।



**फ़ेक्ट्री परिसर मे पीछे की हिस्से की तरफ 5× 5 के क्षेत्र मे आग लगी सी प्रतीत हो रही है जिसका तत्काल निरीक्षण किया गया एवं आग बुझाने के लिए त्वरित कार्यवाही की गयी**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मंडला स्थित ग्राम अमगवा प.ह.न. 14/26, रा. नि.म. बम्हनी,तहसील व जिला मंडला, मध्य प्रदेश, पिन 481661की ऋषभ राईस मिल प्रोप. कोमल कानुगा पिता श्री संतोष कुमार कानुगा द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मंडला शाखा से लिये गए कर्ज का भुगतान न करने से उनका खाता दिनांक 04/10/2024 को अनर्जक आस्ति (एनपीए) में वर्गीकृत किया गया था जिसका भौतिक कब्जा हेतु माननीय न्यायालय जिलादंडाधिकारी, मंडला के द्वारा पारित आदेश प्रकरण क्रमांक 0066/ब-121/2024-25 दिनांक 19/03/2025 (धारा 14 सरफेसी अधिनियम) के अनुपालन मे आज दिनांक 22/04/2025 को दोपहर लगभग 3ः30 बजे बंधक संपत्ति का भौतिक कब्जा माननीय नायब तहसीलदार श्री हीरा लाल तिवारी बम्हनी जिला मंडला के द्वारा लिया गया।

उक्त संपत्ति का भौतिक कब्जा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बैंक अधिकारी श्री अमित केशरी (प्राधिकृत अधिकारी), श्री अजीत वर्मा (विधि अधिकारी), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मंडला शाखा के शाखा प्रमुख श्री निखिल वोहरा एवं प्रबन्धक श्री समग्र पाठक की उपस्थिति मे लिया गया।

उक्त संपत्ति का कब्जा लेने के दौरान मौके पर माननीय नायब तहसीलदार द्वारा यह बताया गया की फ़ेक्ट्री परिसर मे पीछे की हिस्से की तरफ 5× 5 के क्षेत्र मे आग लगी सी प्रतीत हो रही है जिसका तत्काल निरीक्षण किया गया एवं आग बुझाने के लिए त्वरित कार्यवाही की गयी। फ़ेक्ट्री परिसर की कुछ हिस्से मे कुछ गाड़ियो के चक्के के निशान बने हुए है जिससे प्रतीत होता है की रात मे उक्त मिल की मशीनरियों एवं अन्य सामानो को निकाला गया है ।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोराबजार में रात्रि श्रीमती सुलेखा झारिया उम्र 30 वर्ष निवासी विस्थापित बस्ती फेस 1 तिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बंगलों में खाना बनाने का काम करती है सुबह लगभग 9 बजे नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ी के चालक राकेश सोमकुंवर से उसके पड़ौस का रहने वाले श्रेयांश बर्मन के भाई राज बर्मन ने शराब पीने के लिये पैसा मांगा था तो राकेश सोमकुंवर ने राज बर्मन को जातिगत शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज कर मारपीट कर उसके घर के पास रखे ईंटों के ढेर से ईंटों को निकाल निकाल कचरा



# शहपुरा तहसील में फर्जी कोर्ट का ड्रामा, दैवेभो कर्मचारी ने आरोपी को दे दी जमानत

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर की शहपुरा तहसील में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन और पुलिस दोनों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तहसील परिसर में एक दैनिक वेतन भोगी (दैवेभो) कर्मचारी ने खुद को जज बना लिया और पत्नी से मारपीट के आरोपी को जमानत दे दी। यह सारा घटनाक्रम कैमरे में कैद हुआ और सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया।

**टीन शेड के नीचे लगाई कोर्ट**

मामला 18 अप्रैल का है। बेलखेड़ा थाना पुलिस ने पत्नी से सरेराह मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया था। 19 अप्रैल को उसे शहपुरा तहसील न्यायालय में पेश किया जाना था, लेकिन


शनिवार की छुट्टी के चलते तहसीलदार अनुपस्थित

थे। इसी बीच तहसील कार्यालय में कार्यरत अजय रजक नामक कर्मचारी ने तहसीलदार से फोन पर संक्षिप्त बात की और खुद ही कोर्ट लगा डाली।

अजय ने टीन शेड के नीचे बैठकर न केवल आरोपी की जमानत लिखित रूप में तैयार की, बल्कि पुलिस को उसे छोड़ने के निर्देश भी दे दिए। आश्चर्य की बात यह रही कि पुलिस ने भी बिना जांच-पड़ताल के आरोपी को छोड़ दिया।

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अजय पुलिसकर्मियों के साथ बैठकर %कानूनी प्रक्रिया% पूरी कर रहा है। मामला उजागर होते ही प्रशासन सक्रिय हो गया है।

शहपुरा एसडीएम कुलदीप पाराशर ने कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो यह गंभीर मामला है और जांच का विषय है। वहीं, एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने शहपुरा थाना प्रभारी को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। अजय रजक और बेलखेड़ा पुलिस से भी पूछताछ की जा रही है।

**तहसीलदार ने दी सफाई**

तहसीलदार रविंद्र पटेल का कहना है कि अजय ने फोन पर उनसे बात की थी, लेकिन वे फील्ड में थे और बात पूरी नहीं हो सकी। उधर, अजय का दावा है कि उन्होंने तहसीलदार के कहने पर ही लिखा-पढ़ी की। अब सवाल यह उठ रहा है कि पुलिस ने कैसे एक कर्मचारी के कहने पर आरोपी को छोड़ दिया, जबकि वह तहसीलदार नहीं था।

## दमोह में पहलगाम हमले पर डाली विवादित पोस्ट, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** एमपी के दमोह में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट की गई है. इस मामले के सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में मामला दर्ज किया है. इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वसीम खान नाम के युवक ने पहलगाम आतंकी हमले व श्री राम के नाम को लेकर विवादित पोस्ट की. इसपर तनवीर कुरैशी ने आपत्तिजनक कमेंट किया. पुलिस ने दोनों के खिलाफ वीएनएस के तहत स्न्ड्क्र दर्ज की है. खबर है कि दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन अभी तक इस बात की अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है. दूसरी ओर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार नजर रखी जा रही है. सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी. वहीं दमोह पहले केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक ने कहा कि एमपी के सीएम मोहन यादव को भी यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे कड़े कदम उठाने होगें. कुछ लोग लगातार माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे है, ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही जरुरी है.

# हाई-वे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, महिला की मौत, 7 घायल

**बरगी थाना क्षेत्र में रैपुरा के पास हुआ हादसा**

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** । बरगी थाना क्षेत्र स्थित रैपुरा के पास मंगलवार को हाई-वे पर अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे का शिकार हुए कार सवार मैहर से दर्शन कर छिंदवाड़ा लौट रहे थे। कार सवार 8 घायलों को इलाज के लिए मेडिकल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई, वहीं बरगी थाना क्षेत्र में ही ग्राम निगरी के पास कार की टक्कर लगने से एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस दोनों घटना की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी राजेश सिमरिया अपनी पत्नी जयश्री, दो बच्चों के अलावा सास सुनीता कुशवाहा उम्र 50 वर्ष, रिश्तेदार ओमकार कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा और सुषमा कुशवाहा के साथ कार क्रमांक एमपी 28 सीबी 4731 में सवार होकर मैहर दर्शन करने गये थे। मंगलवार की दोपहर वे वापस छिंदवाड़ा लौट रहे थे। ग्राम रैपुरा के पास अचानक कार की स्टीयरिंग रॉड टूट गई जिससे कार लहराकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे के वक्त वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मदद करते हुए घायलों को कार से बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए मेडिकल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सुनीता कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया, वहीं 7 अन्य घायलों का इलाज जारी है। मोपेड सवार को बचाने में गई वृद्ध की जान इसी तरह बरगी क्षेत्र में ग्राम निगरी के पास तेज रफ्तार भागती कार के सामने अचानक एक मोपेड सवार आ गया। उसे बचाने के चक्कर में चालक ने कार मोड़ी और सड़क पर पैदल चल रहे 68 वर्षीय वृद्ध को टक्कर मार दी, जिससे वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एमपी 22 सीए 4039 में सवार तीन लोग इलाज के लिए जबलपुर आ रहे थे। निगरी के पास अचानक सड़क पर रॉन्ग साइड से एक मोपेड चालक को आता देख कार चालक ने कार मोड़ी तभी सड़क पर पैदल जा रहे भैयालाल धुर्वे को कार की टक्कर लग गई। टक्कर लगने से वृद्ध उछलकर सड़क पर गिरा और उसकी मौत हो गई।

## आनलाईन क्रिकेट का सट्टा खेलते 2 सटोरिये गिरफ्तार

**जबलपुर-** थाना प्रभारी ओमती श्री राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि जयंत काम्पलेक्स के पास 2 व्यक्ति आईपीएल का सट्टा खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के हुलिये के 2 व्यक्ति हाथ में मोबाइल लिये दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर दोनों ने अपने नाम नफीस राजा उम्र 45 वर्ष निवासी नगीना मस्जिद मैदान के पास गोहलपुर, अयूब अंसारी उम्र 54 वर्ष निवासी नई बस्ती अंसार नगर चौपड़ा गोहलपुर बताये,

**गजब का सूदखोरी का खेल**

# 7 लाख के बदले वसूले 21 लाख, फिर भी नहीं मानी तगादा बंद करने की बात

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** प्लॉटिंग के लिए उधार लिए गए रुपए पर 20 प्रतिशत तक की दर से ब्याज वसूलने वाले सूदखोर पिता-पुत्र की करतूत सामने आई है। कर्ज लेने वाले ने 21 लाख 25 हजार रुपए चुकाने के बावजूद जब ब्याज देना बंद किया तो उसे धमकाया गया और जातिसूचक गालियां दी गईं। पनागर पुलिस ने आरोपियों पर कर्जा एक्ट, धमकी देने और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। 2015 में लिया था दो लाख का कर्ज, ब्याज दर बढ़ाकर किया शोषण बिलपुरा रांझी निवासी रंजीत चौधरी ने 2015 में ग्राम पडरिया में प्लॉटिंग के लिए अनिल गुप्ता (मानेगांव रांझी) से दो लाख रुपए लिए थे। शुरुआत में ब्याज 10 प्रतिशत मासिक तय हुआ, लेकिन बाद में अनिल ने दबाव बनाकर इसे 20 प्रतिशत कर दिया। रंजीत को हर माह 40 हजार रुपए चुकाने पड़े। 2018 में फिर लिए पांच लाख रुपए, चेक और कैश में चुकाया पैसा रंजीत ने 2018 में अनिल से पुनः 10 प्रतिशत मासिक ब्याज पर पांच लाख रुपए लिए। इस बार उसने अनिल, उसके बेटे संदल और भतीजे सोमित गुप्ता के नाम पर चेक काटकर 15 लाख 75 हजार और नकद 5 लाख 50 हजार रुपए दिए। यानी कुल 21 लाख 25 हजार की अदायगी की। रंजीत ने जब ब्याज देना बंद किया तो 8 अप्रैल को अनिल और संदल उसकी साइट पर पहुंचे और जातिगत अपमान करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी।

# आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया की आज दिनांक 23 अप्रैल 2025 को सायं 6ः00 बजे भारत माता चौक, सिविक सेंटर, जबलपुर में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी जबलपुर के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजन, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई तथा आतंकवाद के विरुद्ध राष्ट्र की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सौरभ नाटी शर्मा जी ने कहा, आतंकवाद किसी भी रूप में मानवता के लिए अभिशाप है। देश की एकता और शांति को भंग करने वाले इन कायरतापूर्ण हमलों का हम पुरज़ोर विरोध करते हैं और शहीदों को शत-शत् नमन करते हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित वरिष्ठ नेताओं, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं ब्लॉक पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की जिसमे दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, श्रीमती कमलेश यादव, कौशल्या गोटिया, इंदिरा पाठक तिवारी, अयोध्या तिवारी, झल्ले लाल जैन, मुकेश राठौर,वकील अंसारी, संतोष दुबे पड़ा,गुलाम हुसैन, गुड्डू नवी, याकूब अंसारी, संजय साहू, कलीम खान,विजय जैन चुन्ना, आरिफ बेग,नवल केसरवानी, भावना निगम, पंकज पांडे, पप्पू वसीम, प्रशांत मिश्रा, आजम अली खान, अवधेश गुप्ता, अखिलेश शर्मा, मदन लारिया,अभिषेक यादव, रिजवान कोटी, निर्मल जैन, जग्गू विश्वकर्मा, उमेश पटेल, विष्णु विनोदिया, टीकाराम कोस्टा, राजेश पटेल, प्रवेंद्र चौहान, आज़ाद अंसारी रज्जू सराफ,सुरेंद्र यादव, पूनम सोनकर,बुलमिंदर मान, रामदास यादव,राजकुमार सोनकर, हाशिम खान,प्रिंस सलूजा, के के मिश्रा, संदीप चरार, संजय गुप्ता, राहुल कोरी,रितेश नूतनानी, अनुज श्रीवास्तव, चंदन श्रीवास्तव संदीप जैन, विक्रम सिंह, भारत पटेल , शुभम यादव,मिस्टर जैन, अमित पलिया सहित कांग्रेसजन और आम नागरिक उपस्थित रहे।



# धनवंतरी नगर में महिलाओं से चैन लूटने वाला लुटेरा गिरफ्तार, चोरी की बाइक से दिया था वारदात को अंजाम

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** संजीवनी नगर थानाक्षेत्र के धनवंतरी नगर में सुबह की सैर पर निकली दो महिलाओं से सोने की चैन लूटने वाले शातिर लुटेरे को क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने मिलकर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने चोरी की बाइक से अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि उसका एक साथी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारका परिसर संजीवनी नगर निवासी प्रोफेसर रुचि पटेल और धनवंतरी नगर जैन मंदिर के पास रहने वाली दीक्षा चढ़ार से लुटेरों ने कुछ ही मिनट के अंतराल में सोने की चैन छीन ली थी। दोनों ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई, जिससे पुलिस को अंदेशा हुआ कि लूट की दोनों वारदातें एक ही गिरोह द्वारा की गई हैं।

एसपी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कृषि उपज मंडी के पास रहने वाले साहिल बेन को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी कृष जाटव के साथ लूट को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के पास से एक सोने की चैन और लूट में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली है। फरार साथी कृष जाटव की तलाश जारी है।

संगम कॉलोनी से चुराई थी बाइक

आरोपी साहिल ने पूछताछ में बताया कि लूट की योजना बनाने के बाद उन्होंने कोतवाली क्षेत्र की संगम कॉलोनी से बाइक चोरी की और उसी से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी और लूट की घटनाओं की जानकारी जुटा रही है।

# जॉय स्कूल संचालक ने किया जेडीए की भूमि का दुरुपयोग



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जॉय हायर सेकेंडरी स्कूल जमीन आवंटन मामले में विवाद गहराता जा रहा है। मध्य प्रदेश छात्र संगठन (एमपीएसयू) ने जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। संगठन ने स्कूल संचालक अखिलेश मेबिन के साथ ही जेडीए पर भी मिलीभगत के आरोप लगाए।

एमपीएसयू अध्यक्ष अभिषेक पांडे ने कहा कि जेडीए द्वारा स्कूल को प्राइमरी शिक्षा के लिए लीज पर दी गई थी, लेकिन उस पर हायर सेकेंडरी स्कूल चलाया जा रहा है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में जेडीए की भूमिका संदिग्ध है और जमीन आवंटन की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

अभिषेक पांडे ने बताया कि संगठन 'जॉय स्कूल बहिष्कार' अभियान चला रहा है, जिसमें हिंदू सनातनियों से अपील की जा रही है कि वे अपने बच्चों को इस स्कूल में न भेजें। उन्होंने बताया कि जल्द ही व्यापक जनजागरण अभियान भी शुरू किया जाएगा।

गौरतलब है कि स्कूल संचालक अखिलेश मेबिन हाल ही में भगवान राम पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के चलते विवादों में आए थे। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी और फरारी के बाद उन्हें केरल से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जेडीए ने विजयनगर क्षेत्र में जॉय स्कूल को करीब ढाई एकड़ जमीन लीज पर दी थी, जिसकी अब जांच की मांग उठ रही है। स्थानीय लोगों और संगठनों का कहना है कि इस मामले में पारदर्शिता जरूरी है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

इस अवसर पर जतिन कनौजिया, आकाश खरे, यश रजक, नीरज शर्मा, सृजन तिवारी, हर्षित अवस्थी, राज सिंह, ऋतिक श्रीवास्तव, अनुराग प्रजापति, हर्षित कनौजिया, हर्ष तिवारी, राजवीर कुशवाहा, कृष्णा तिवारी, उदय गुप्ता, नमन केशरवानी, मोन्टी जायसवाल, विवेक मेहता आदि उपस्थित रहे।



# महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, दुष्कर्म के मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** प्रदेश में महिलाओं और नाबालिगों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर महिला कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष कमलेश यादव के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दुष्कर्म और छेड़छाड़ जैसे गंभीर अपराधों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कमलेश यादव ने सत्तारूढ़ दल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि, सत्ताधारी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता ही जब महिलाओं की इज्जत से खेल रहे हैं, तो आम जनता खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करे? अगर कानून ऐसे आरोपियों को सजा नहीं दे पा रहा है, तो उन्हें जनता के हवाले कर दिया जाना चाहिए। अगर जल्द दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो महिला कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

**लोककर्म विभाग** **निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखत कार्यो के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_ UAD 418678_1 PRO- 65 Date- 23.04.2025 | रांझी वाचनालय के भवन की छत सीलिंग एवं बाथरूम में सुधार कार्य। (अन्य मद) | 01 माह<br>1.80 लाख | 1000/-<br>3600/- | 07.05.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री ,नगर निगम जबलपुर**



# केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार एम.पी. ट्रांसको की स्काडा प्रणाली का हुआ उन्नयन- ऊर्जा मंत्री तोमर

**अब निगरानी के साथ सबस्टेशनों का नियंत्रण भी संभव**

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रदेश में क्रियाशील एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों की निगरानी (मॉनिटरिंग) के साथ अब इनका रिमोट से नियंत्रण (कंट्रोल) और संचालन का ऑपरेशन संभव हो सकेगा। इसके लिये एम.पी. ट्रांसको ने अपनी पुरानी स्काडा प्रणाली का केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार उन्नयन करते हुये अत्याधुनिक तकनीक से लैस नई स्काडा प्रणाली (स्काडा सिस्टम) स्थापित कर क्रियाशील कर लिया है। विगत दिवस इसका संचालन नयागांव जबलपुर स्थित नये नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) से प्रारंभ हुआ।



ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने जानकारी दी कि लगभग 51.88 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से निर्मित इस नये स्काडा सिस्टम में पुराने स्काडा सिस्टम के मुकाबले अनेक नये फीचर्स उपलब्ध है। भारत सरकार के केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार नये स्काडा सिस्टम को नवीनतम तकनीकों और साइबर सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नत किया गया है, अब प्रदेश के एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों के प्रत्येक मिनिट का रियल टाईम डेटा प्राप्त कर सुरक्षित रखा जा सकेगा। इससे आधुनिक स्काडा सिस्टम की दक्षता और विश्वसनीयता में बढ़ोतरी हुई है, साथ ही इससे सुरक्षा और डेटा विश्लेषण क्षमताओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अमरकीर्ति सक्सेना ने बताया कि नए स्काडा सिस्टम में उन्नत फ़ायरवॉल और मल्टी-लेयर सुरक्षा तंत्र शामिल हैं, जो संभावित साइबर खतरों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हैं। इसके डैशबोर्ड में उन्नत डेटा विश्लेषण की सुविधा हैं, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होती है। रियल-टाइम डेटा एनालिटिक्स से डेटा की सटीकता और प्रासंगिकता में सुधार होगा, जिससे बेहतर निर्णय लेने और त्वरित प्रतिक्रियाओं में मदद मिलेगी। यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस होने के कारण नया सिस्टम आधुनिक और सहज ग्राफिकल यूजर इंटरफेस से सुसज्जित है, जिससे ऑपरेटरों को अधिक कुशलता और सुविधा मिलती है। स्काडा सिस्टम का यह उन्नयन (अपग्रेडेशन) बदलते अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक मानकों और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री सक्सेना ने बताया कि वर्तमान में सायबर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये स्काडा सिस्टम के डेटा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की आप्टिकल फायबर ग्राउंड वायर के माध्यम से लोकल एरिया नेटवर्क से प्राप्त होंगे,



## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRo - 61 Date-23/04/2025 2025_ UAD 418396_1 | संभाग क्रमांक- 07 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड अंतर्गत मिलन चक्रवर्ती के मकान से नारद गुप्ता के मकान तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (महापौर मद) | 06 माह<br>11.09 | 2000/-<br>8321/- | 12.05.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,नगर पालिक,निगम जबलपुर**



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999